# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026



Sumeet Group

## "सफर 42 सालों का, रिश्ता उम्र भर का"



दिल से

धन्यवाद!

सुमीत बाजार™

42 ANNIVERSARY

**1984 से आज तक,** फैशन बदला है, ट्रेंड आए और गए हैं...
लेकिन एक चीज कभी नहीं बदली – आपका भरोसा!
**चाहे त्यौहार हो, शादियाँ हो, या रोजाना पहनने वाले कपड़े हो**
बच्चों से लेकर बड़ों तक, हमने हर पीढ़ी को कपड़े पहनाए हैं.
आज हमारे 42 स्टोर्स हैं.
**हमें ये गर्व है कि दादा-दादी से लेकर पोता-पोती तक**
**हमारे परिधानों ने रिश्तों को सजाया है.**

***आइयेगा जरूर !***

***साथ में केक काटें, और मनाए 42 सालों के रिश्ते का जश्न !***
***शाम 6 बजे! आपका इंतज़ार रहेगा!***

**सह-संस्थान -** SUMEET JEWELLERS | SUMEET WHOLESALE | Shubham K Mart | SUMEET INFRACON | NEO MO

**छत्तीसगढ़** – रायपुर – बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब, संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर । आरंग भिलाई – सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला, पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड । दुर्ग – स्टेशन रोड, पुलगांव । नवापारा (राजिम) – गंज रोड, सदर रोड । बिलासपुर । भाटापारा । सिमगा । खरोरा । बालोद राजनांदगांव । डोंगरगढ़ । बेमेतरा । कवर्धा । महासमुंद । सरायपाली । बागबाहरा । धमतरी । कांकेर । कोण्डागांव ॥ **उड़ीसा** – खरियार रोड । नुआपाड़ा ॥ **मध्यप्रदेश** – बालाघाट । धामनोद

# सहकारी समितियों में सालों से नहीं हुए चुनाव, इनमें कई समिति प्रमुखों की हो चुकी है मृत्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

सहकारिता एवं उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं रायपुर की प्रमुख जिम्मेदारियों में एक यह भी है कि प्रत्येक सहकारी समिति के 5 साल का कार्यकाल खत्म होने से पहले चुनाव कराना है। कार्यकाल खत्म होने के पहले अगर कोई सहकारी समिति स्वयं से चुनाव नहीं कराती, तो इसे उपपंजीयक अपने संज्ञान में लेता है और एक अधिकारी नियुक्त कर 90 दिनों के भीतर चुनाव की पूरी प्रक्रिया पूरी कराता है, लेकिन रायपुर जिले में थोक में ऐसी समितियां हैं, जिनका कार्यकाल खत्म हुए कई वर्ष बीत चुके हैं। इनमें उचित मूल्य दुकानों की सहकारी समितियां भी शामिल हैं। इन समितियों में से कई समिति के प्रमुख पदाधिकारियों तक की मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद उन मृत पदाधिकारियों के नाम से ये समितियां संचालित हो रही हैं।

**100 से अधिक समितियों का कार्यकाल हो चुका है समाप्त :** सूत्रों से पता चला है कि सहकारिता एवं उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं रायपुर में ऐसी एक सौ से अधिक सहकारी समितियां हैं, जिनका 5 साल का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। इनमें से कई समितियों का कार्यकाल समाप्त हुए 5 साल से अधिक भी हो चुके हैं। इसके बाद भी इन समितियों का चुनाव नहीं कराया जा रहा है। इनमें कई समितियां उचित मूल्य दुकान से संबंधित समितियां हैं, जिनमें से कई समितियों के प्रमुख लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है। इसके बाद भी ये समितियां मृत व्यक्तियों के नाम पर संचालित हो रही हैं।

### सहकारिता एवं उपपंजीयक सहकारी संस्थाए रायपुर में कई प्रस्ताव लंबित

#### ऑडिट भी समय पर नहीं कराए जा रहे

उप पंजीयक संस्था को समितियों के वित्तीय खातों का अनिवार्य अंकेक्षण (ऑडिट) करना और उनके कार्यकलापों की जांच करना भी होता है, लेकिन इसमें भी संस्था के अधिकारियों द्वारा कोताही बरती जा रही है। ऑडिट कराने के लिए समितियों के प्रमुख हर दिन कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। सहकारी समिति के कुछ लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर यह भी बताया कि ऑडिट के नाम पर संस्था के कुछ अधिकारी मोटी रकम की डिमांड कर रहे हैं। यह रकम नहीं देने पर ऑडिट को अटका कर रखे हुए हैं।




#### प्रस्ताव आने पर की जाती है प्रक्रिया

प्रस्ताव आने पर चुनाव कराने की प्रक्रिया की जाती है। इसके लिए कई फाइलें आगे बढ़ाई भी गई हैं। धान खरीदी में अफसरों की ड्यूटी लगी हुई है, इसलिए चुनाव पर फोकस कम है।

**- पूर्णिमा सिंह**, उपायुक्त, सहकारिता एवं उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं रायपुर

#### बहुत समय से नहीं हो रहे चुनाव

समितियों के चुनाव बहुत समय से नहीं हो रहे हैं। ऑडिट के लिए भी परेशानी हो रही है। अगर जल्द ही निराकरण नहीं किया गया तो इस मामले में जिला कलेक्टर से शिकायत करेंगे।

**- नरेश बाफना**, अध्यक्ष, छग पीडीएस संघ

## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड डीआईजी को मिली संविदा, बने ओएसडी



**रायपुर।** सेवानिवृत्त डीआईजी कमलोचन कश्यप को राज्य शासन ने संविदा नियुक्ति का आदेश जारी किया है। उन्हें अब पुलिस मुख्यालय में विशेष कर्व्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) नियुक्त किया गया है। राज्य शासन गृह विभाग द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि यह संविदा नियुक्ति एक वर्ष की अवधि या आगामी आदेश तक जो भी पहले हो, के लिए प्रदान की गई है। संविदा सेवा की शर्ते बाद में अलग से जारी की जाएगी।

### प्रदेश कांग्रेस की सचिव निवेदिता ने दिया इस्तीफा

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस की सचिव डा. निवेदिता चटर्जी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर पार्टी छोड़ने की बात कही है। पत्र में उन्होंने उपेक्षा का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वे 2014 से पार्टी पार्टी में सचिव का दायित्व मिला हुआ था। इस पद में 11 साल निकाला। कोई भी जिम्मेदारी मिली अच्छे से निभाया, योगदान दिया पर मैं सचिव ही रह गयी।

### रायपुर जिले में अप्रैल 2024 को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुआ ऑनलाइन पोर्टल

# रायपुर के बाद एमएलए लैड्स पोर्टल अब राज्य में लागू होगा, तैयारी की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा-राज्यसभा सांसदों की तर्ज पर विधायकों को जारी होने वाली विधायक निधि की राशि की पाई-पाई का हिसाब रखने के लिए लांच किया गया ऑनलाइन एमएलए लैड्स पोर्टल अब पूरे प्रदेश में लागू किए जाने की तैयारी शासन स्तर पर की जा रही है। इस एमएलए पोर्टल को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में करीब सालभर पहले रायपुर जिले में शुरू किया गया था, जिसके माध्यम से पोर्टल को जांचा और परखा भी जा रहा था, क्योंकि विधायक निधि के तहत कार्य की अनुशंसा, स्वीकृति, कार्य की प्रगति, डॉटा अपलोड एवं डाउनलोड सहित अन्य सभी कार्य ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही होना है। यही वजह है कि पोर्टल को शुरुआत में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है, लेकिन योजना एवं सांख्यिकी विभाग के सूत्रों से पता चला कि पोर्टल में जो कमियां थीं, उनमें ज्यादातर को सुधार लिया गया है। इस तरह एमएलए पोर्टल राज्य में लागू करने के लिए लगभग तैयार है। सूत्र की मानें, तो एक अप्रैल से यह लागू हो सकता है।

- एक अप्रैल 2026 से प्रदेश में लागू होने की संभावना

#### स्वीकृति दिलाने की अनुशंसा पोर्टल से

सातों विधायक, विधायक निधि अंतर्गत मिलने वाली सालाना चार करोड़ रुपए की राशि खर्च कर चुके हैं। इसके लिए सभी विधायकों द्वारा विकास कार्यों को स्वीकृति दिलाने की अनुशंसा पोर्टल के माध्यम से की गई है। एमएलए लैड्स पोर्टल संभवतः अप्रैल से पूरे प्रदेश में लागू किया जा सकता है।

**- यूसुफ कुजूर**, उप संचालक, योजना एवं सांख्यिकी रायपुर



#### एमएलए लैड्स पोर्टल के माध्यम से अनुशंसा-स्वीकृत किए जा रहे कार्य

एमएलए लैड्स पोर्टल को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में रायपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र के लिए लाया गया है। इस पोर्टल के शुरू होने के बाद सातों विधानसभा क्षेत्र के सभी विधायक भी जनता की मांग के अनुसार विकास कार्यों को अपने स्तर पर स्वीकृति देने के बाद प्रस्ताव बनाकर उसे मंजूरी दिलाने के लिए पोर्टल में ही अपलोड किए जा रहे हैं। इसके बाद इन अनुशंसा किए गए कार्यो को योजना एवं सांख्यिकी विभाग परीक्षण करने के बाद स्वीकृति देता है।

#### पोर्टल चलाने अधिकारी-कर्मचारियों को दी गई ट्रेनिंग

ऑनलाइन एमएलए पोर्टल लांच होने के बाद शुरूआत में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसे समझने और ऑनलाइन कार्य करने में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। इस ट्रेनिंग के बाद भी पोर्टल में कुछ कमियां पाई गई थी, जिसे सुधारने का काम भी पिछले सालभर से चल रहा है।

#### पोर्टल में पाई-पाई का हिसाब

एमएलए लैड्स पोर्टल के बनने से विधायक निधि से खर्च की पाई-पाई का हिसाब भी होगा। इस पोर्टल में एमपीलैड्स की तरह फंड रिलीज स्टेटमेंट, स्वीकृत कार्यों का ब्योरा एवं स्थिति का विवरण, विधायक निधि की गाइड लाइन, सर्कुलर, वार्षिक रिपोर्ट, बैंक एवं खाता के डिटेल सहित अन्य कई तरह की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है। इससके अलावा कितनी राशि निर्माण एजेंसी को ट्रांसफर हुई तथा कितना प्रतिशत कार्य हुआ। इसकी जानकारी भी पोर्टल में है।

#### चार सौ से अधिक कार्य स्वीकृत

विभागीय सूत्र से जानकारी मिली है कि जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में चार सौ से अधिक कार्यों को स्वीकृति के लिए भेजा हुआ है। इनमें से लगभग 70 प्रतिशत कार्यों को मंजूरी भी मिल चुकी है, वहीं शेष कार्यों को भी जल्द ही स्वीकृति मिल जाएगी।

# कांग्रेस का आरोप- साजिश के तहत मतदाता सूची से हटाए जा रहे नाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने सीधा आरोप लगाया है कि साजिश के तहत एसआईआर के नाम पर मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। एसआईआर की प्रक्रिया को जानबूझकर इतना जटिल उलझाऊ और तकनीकी बना दिया गया है कि आम नागरिक विशेषकर गरीब अल्पसंख्यक ग्रामीण बुजुर्ग और कमजोर वर्ग के लोग इसे समझ ही नहीं पा रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष परिणाम यह हो रहा है कि बड़े पैमाने पर षडयंत्रपूर्वक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं, जिससे वे अपने संवैधानिक अधिकार, मतदान से वंचित हो जाएंगे।

- निर्वाचन अधिकारी से शिकायत कर जांच की मांग की

श्री साहू ने कहा, लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा विगत कई महीनों से वोट चोरी की आवाज उठायी जा रही है। इसे प्रमाण सहित साबित भी कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग और भारत शासन अपने रवैये में सुधार नहीं कर रहा है और एसआईआर के माध्यम से जिन-जिन प्रदेशों में हो रहा है, वहां पर बड़े पैमाने पर मतदाताओं को उनके मताधिकार से वंचित करने का अभियान चलाया जा रहा है।

#### झूठी शिकायत पर हटा रहे नाम

श्री साहू ने कहा, अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में षड्यंत्र, साजिश का ताजा और प्रत्यक्ष उदाहरण सामने आया है, जहां हमारे कार्यकर्ताओं के प्रारंभिक जांच में यह पाया गया है कि लगभग 719 ऐसे मतदाता जो जीवित हैं, जो उसी वार्ड एवं उसी गांव में वर्षों से निवास करते हैं और कर रहे हैं, इसके बावजूद गलत और झूठी शिकायत के आधार पर उनके नाम निर्वाचन नामावली से विलोपित किए जा रहे हैं। यह कोई प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि सुनियोजित राजनीतिक साजिश है। उन्हें निर्देश देकर गांव मोहल्लों में सर्वे कराया गया, जिसमें यह चिन्हित किया गया कि कौन-कौन मतदाता कांग्रेस समर्थक हैं और इन्हीं चिन्हित मतदाताओं के नाम एसआईआर के नाम पर कटवाने की प्रक्रिया चलाई गई। श्री साहू ने कहा, हमने इस पूरे मामले की प्रदेश निर्वाचन अधिकारी से शिकायत कर निष्पक्ष जांच की मांग भी की है।



तापमान
अधिकतम 31.3 डिग्री
न्यूनतम 17.9 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026

### अकादमिक परफॉर्मेंस इंडेक्स को लेकर हुआ था बवाल

*दिसंबर 2024 के दौरान 13 विषयों के पात्र अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन शुरू किया गया था, लेकिन एपीआई (अकादमिक परफॉर्मेंस इंडेक्स) स्कोर की गणना को लेकर हुए विवादों के कारण प्रक्रिया धीमी रही। उच्च शिक्षा विभाग में रिक्त इन पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा पूर्ण की जानी थी। प्राध्यापकों के लिए निर्धारित योग्यता के आधार पर एपीआई अर्थात अकादमिक परफॉर्मेंस इंडेक्स स्कोर निकाला जाना था। इसकी गणना विधि को लेकर अभ्यर्थियों ने आपत्ति जताई थी। इसके बाद पीएससी ने उच्च शिक्षा विभाग से विशेषज्ञों की मांग की थी, जो एपीआई गणना में कुशल हो। इस विवाद के कारण दस्तावेज सत्यापन स्थगित कर नई तिथि भी पीएससी को जारी करनी पड़ी थी।*

## उच्च शिक्षा को प्राध्यापकों के 595 पदों पर करनी थी भर्ती, आवेदन आए तीन गुना, पात्र केवल 180

### नियुक्ति नहीं किए जाने से योग्य अभ्यर्थियों में गहरी निराशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

उच्च शिक्षा विभाग को पिछले पांच सालों से प्रदेश में योग्य प्राध्यापक नहीं मिल पा रहे हैं। छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में प्राध्यापकों के 595 पदों पर भर्ती की जानी है। इन पदों के लिए 1500 से अधिक आवेदन मिले। मापदंड संबंधित स्क्रूटनी के बाद इनमें से लगभग 600 अभ्यर्थियों को अगली प्रक्रिया के लिए बुलाया गया। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, इनमें से सिर्फ 180 उम्मीदवार ही पात्रता की शर्तें पूर्ण कर सके हैं। जिन्होंने पात्रता शर्तें पूरी कर ली हैं, उनकी संख्या विज्ञापित पदों से कम होने के कारण सभी का चयन सुनिश्चित है। इसके बाद भी नियुक्ति नहीं किए जाने से योग्य अभ्यर्थियों में गहरी निराशा है। इसे लेकर वे कई बार उच्च शिक्षा विभाग के चक्कर भी लगा चुके हैं।

योग्य उम्मीदवार नहीं मिल पाने के अतिरिक्त एक अन्य बड़ी समस्या विभागीय विलंब की भी है। रिक्त पदों के लिए पहली बार 2021 में विज्ञापन निकाला गया था। इसके बाद शासन ने अगस्त 2024 में आवेदन प्रक्रिया फिर से शुरू की। इसके बाद उम्मीदवार यह आस ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### खास बातें

- पात्र प्राध्यापकों का चयन लगभग तय, फिर भी उच्च शिक्षा विभाग नहीं दे पा रहा नियुक्ति
- ऐसी देर... 2001 में निकाला था विज्ञापन, बीते वर्ष एपीआई स्कोर को लेकर मचा था बवाल



#### 30 विषय, सर्वाधिक पद राजनीति विज्ञान में

595 पदों के लिए 30 विषयों में भर्ती होनी है। सबसे अधिक पद राजनीति विज्ञान (75), हिंदी (66), भौतिकी (60) और कॉमर्स (57) के खाली हैं। नियम कड़े होने के कारण भी योग्य उम्मीदवारों के चयन में दिक्कतें आ रही हैं। नए नियमों के अनुसार, इस भर्ती में अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष तक रखी गई है और अनिवार्य योग्यता में निर्धारित संख्या में छात्रों के पीएचडी गाइड बनने सहित रिसर्च जनरल का प्रकाशन आवश्यक है। गौरतलब है कि प्रदेश के 335 सरकारी कॉलेजों में प्रोफेसरों के 760 पद रिक्त हैं। इनमें से 595 पदों के लिए विज्ञापन जारी होने के बाद भी नियुक्ति नहीं हो पा रही है। इससे शोध और शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

## खबर संक्षेप

### आपसी रंजिश पर युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक ने एक अन्य युवक पर आपसी रंजिश पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। चाकू मारने वाला युवक हिस्ट्रीशीटर है। आदिल इनायत ने आदिल रजा उर्फ हरा सोनू के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। आदिल इनायत ने पुलिस को बताया है कि हरा सोनू के साथ उसके छोटे भाई का कुछ दिन पूर्व विवाद हुआ था। इस बात को लेकर वह समझौता कराने हरा सोनू के घर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में हरा सोनू ने जेब से चाकू निकालकर आदिल इनयात पर हमला कर दिया।

### अवैध गतिविधि रोकने बस संचालक, एजेंट्स के साथ बैठक



**रायपुर।** भाठागांव स्थित इंटर स्टेट बस टर्मिनल में शुक्रवार को डीसीपी संदीप पाटील तथा राजेंद्र नगर एसीपी नवनीत पाटील ने बस ऑपरेटर तथा एजेंट्स की बैठक ली। बैठक में पुलिस अफसरों ने सभी परिचालकों एवं ड्राइवरों को निर्देशित किया कि वे यात्रियों के साथ सौम्य व्यवहार रखें, किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें तथा महिला यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रात्रिकालीन यात्रा के समय विशेष सतर्कता बरतने पुलिस अफसरों ने निर्देश दिए।

### सट्टा संचालित करते दो सटोरिए गिरफ्तार



**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो सटोरियों को गिरफ्तार कर 22 हजार रुपए कैश के साथ सट्टा-पट्टी जब्त की है। सट्टा संचालित करने के आरोप में पुलिस ने नरेंद्र कोठले तथा वरुण सोनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों सटोरियों को खालबाड़ा स्थित बांस पेड़ के नीचे सट्टा संचालित करते गिरफ्तार किया है।

### दुष्कर्म कर ब्लैकमेल, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** पंडरी थाने की पुलिस ने युवती की शिकायत पर रेप कर ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। युवती से रेप तथा ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने महासमुंद, सांकरा निवासी नित्या कुमार बरिहा को गिरफ्तार किया है। युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह वर्ष 2019 से 2025 तक रिलायंस स्टोर में कार्यरत थी, जहां नित्या भी काम करता था। नित्या ने युवती को विवाह करने का प्रलोभन देकर रेप करने के बाद अश्लील वीडियो बनाकर युवती से ब्लैकमेल कर 3.67 लाख रुपए वसूल किया।



### मां का रो-रोकर हुआ बुरा हाल, पड़ोसियों की आंखों से छलके आंसू

## ऑटो नहीं आया, ई-स्कूटर में छोटी बहन संग स्कूल के लिए निकला, परिवार ने खोया अपना 'अंश'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मामूली चूक से एक परिवार का चिराग बुझ गया, अंश अपनी छोटी बहन के साथ नियमित ऑटो से स्कूल आना-जाना करता था। परिवार में गमी होने की वजह से ऑटो चालक पिछले दो दिनों से अंश और उसकी छोटी बहन को स्कूल छोड़ने लाने का काम नहीं कर रहा था। घटना के एक दिन पूर्व अंश ई-स्कूटर से स्कूल जाने की तैयारी कर रहा था। इस दौरान उसकी मां ने अंश को स्कूटर नहीं ले जाने की हिदायत देते हुए अलग से ऑटो की व्यवस्था कर अंश तथा उसकी बहन को स्कूल के लिए रवाना किया। बताया जा रहा है, शुक्रवार को अंश घर के लोगों की जानकारी के बगैर स्कूटर लेकर अपनी छोटी बहन के साथ स्कूल जाने के लिए निकला। इस दौरान दर्दनाक हादसे में अंश की मौत हो गई।

अंश की इन दिनों स्कूल में इटर्नल प्रैक्टिकल परीक्षा चल रही है। अंश प्रैक्टिकल परीक्षा में शामिल होने के लिए स्कूल जाने के लिए निकला था। इस दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर स्कूल के स्टाफ सहित सुमित के परिजन तथा उनके परिचित आंबेडकर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचने के बाद परिजन नवासा को बेहतर ▶▶|शेष पेज 6 पर

एक्सीडेंट में मृतक की छोटी बहन गंभीर रूप से घायल






#### ऐसे हुआ हादसा

हरिभूमि की टीम ने मौके पर जाकर मुआयना किया, तो पाया कि जहां एक्सीडेंट की घटना हुई है, वहीं मोड़ के पास ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक कंट्रोल करने स्टापर लगाकर रखा है। अंश ने छत्तीसगढ़ क्लब के पास जैसे ही स्कूटर को मोड़ा स्टापर आने की वजह से स्कूटर को थोड़ा साइड किया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस की टो-गाड़ी ने भगत सिंह चौक से तेज रफ्तार आते हुए अंश की ▶▶|शेष पेज 6 पर





#### पिता को दिल्ली में मिली घटना की जानकारी

मृतक के पिता पेशे से प्रॉपर्टी डीलर हैं, किसी काम से वे दिल्ली गए हुए थे। एक्सीडेंट की घटना होने पर अंश के पिता को कॉल कर रायपुर बुलाया गया। उन्हें केवल एक्सीडेंट होने की जानकारी दी गई थी। परिजनों ने सुमित को एक्सीडेंट में उनके बेटे की मौत के बारे में नहीं बताया था। दिल्ली से लौटने के बाद सुमित को एक्सीडेंट में उनके बेटे की मौत तथा बेटी के घायल होने की जानकारी दी गई। इसके बाद सुमित एयरपोर्ट से सीधे अपनी बेटी से मिलने एमएमआई अस्पताल पहुंचे।

#### गुस्साए लोगों ने टो-वाहन की चाबी निकाली

सुबह जिस समय घटना हुई, उस समय लोग मार्निंग वाक करने निकले थे। मार्निंग वाक पर निकले लोगों ने अपनी आंखों के सामने एक्सीडेंट होते देखा। गुस्साए लोगों ने टो-वाहन के चालक को पकड़ने के लिए दौड़ाया, तो वह दौड़ते हुए मौके से भाग गया। इसके बाद आक्रोषित लोगों ने टो-वाहन की चाबी निकाल ली। टो-वाहन की चाबी नहीं होने से पुलिस को टो-वाहन को टो करके ले जाना पड़ा।

#### पड़ोसी भी अपने आंसू नहीं रोक पाए

*एक्सीडेंट के बाद किसी में हिम्मत नहीं हो रही थी कि अंश की मां को उनके बेटे की मौत के बारे में बताएं। घटना के बाद मां को अंश तथा उसकी छोटी बहन की एक्सीडेंट की जानकारी दी गई। अन्य माध्यमों से मां को अपने बेटे की मौत की जानकारी मिली। इसके बाद से अंश की मां का रो-रोकर बुरा हाल था। अपने बेटे को याद कर अंश की मां बार-बार बेसुध हो रही थी। पोस्टमार्टम के बाद अंश के शव को घर ले जाया गया, उस समय घर तथा आसपास का माहौल कफी गमगीम हो गया। अंश की मां का हाल देख पड़ोसी भी अपने आंसू नहीं रोक पाए। गमगीम हालत में अंश के शव को अंतिम संस्कार करने तेलीबांधा मुक्तिधाम लेकर पहुंचे।*

## मेंटेनेंस के लिए अगले माह से घंटों होगी बिजली गुल गर्मी में छूटेगा पसीना

रोज 100 से ज्यादा फीडरों में चलेगा काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को ऐन गर्मी के समय अगले माह से घंटों बिजली गुल का सामना करना पड़ेगा। गर्मी में उपभोक्ताओं को बिजली बंद होने से परेशानी न हो, इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी प्रदेशभर के फीडरों में मेंटेनेंस का काम करेगी। प्रदेश में 55 सौ फीडर हैं। रोज सौ से ज्यादा फीडरों में मेंटेनेंस का काम करना पड़ेगा। ऐसे में रोज चार से छह घंटे तक बिजली बंद करनी पड़ेगी। गर्मी को देखते हुए काम सुबह 8 बजे से किए जाने की संभावना है। जिन फीडरों में काम होगा, उसके बंद होने की सूचना अखबारों के माध्यम से एक दिन पहले ही दी जाएगी। इसी के साथ उपभोक्ताओं को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भी मैसेज किया जाएगा। मार्च से लेकर अप्रैल तक मेंनेनेंस का काम होगा। इसके बाद फिर से एक माह बाद मानसून के लिए मई से जून में मेंटेनेंस होगा।

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी हर साल गर्मी और मानसून से पहले मेंनेटेंस का काम करती है। कई बार गर्मी के लिए फरवरी से लेकर मार्च तक काम किया जाता है, लेकिन इस बार फरवरी में अब तक काम प्रारंभ नहीं किया गया है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि फरवरी से मेंनेटेंस ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### करीब डेढ़ माह लगते हैं मेंटेनेंस में

*प्रदेश में 55 सौ फीडर हैं। इनका मेंटेनेंस करने के लिए करीब डेढ़ माह का समय लग जाता है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक रोज सौ से ज्यादा फीडरों में मेंटेनेंस का काम करना ही पड़ता है, तब जाकर गर्मी या फिर मानसून में बिजली व्यवस्था ठीक रहती है। हालांकि पॉवर कंपनी के अधिकारी इस बात से भी इनकार नहीं करते हैं कि मेंटेनेंस करने के बाद भी खराबी नहीं आएगी इसकी कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि कभी आंधी-तूफान या फिर अन्य किसी कारण से भी खराबी आ जाती है तो उसके लिए कुछ नहीं किया जा सकता है। लेकिन गर्मी और मानसून से पहले यह तैयारी जरूरी रहती है कि फीडर सही काम करें और परेशानी न हो। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि गर्मी और मानसून से पहले मेंटेनेंस जरूरी रहता है। इसलिए गर्मी के लिए फरवरी से अप्रैल के बीच कभी भी और मानसून के लिए मई और जून में मेंटेनेंस किया जाता है।*

पंडरी थाना क्षेत्र के स्कूल का मामला

## स्कूल में चाकू लहराने वाले युवक के साथ तीन नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एक माह पुराना वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने की कर्रवाई

पंडरी थाना क्षेत्र के मोवा स्थित आत्मानंद स्कूल के क्लासरूम में चाकू लहराने के आरोप में पुलिस ने एक युवक तथा तीन नाबालिगों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस ने छात्रों के खिलाफ कार्रवाई पिछले दिनों सोशल मीडिया पर चाकू लहराने के वायरल वीडियो के आधार पर की है। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि वीडियो में दिखाई देने वाला मुख्य आरोपी छात्र सुशांत प्रधान (19) एक माह पूर्व अपने साथ स्कूल परिसर में एक चाकू लाया था, जिसे उसने कक्षा के भीतर अपने दोस्तों को दिखाया। इस दौरान सुशांत के साथ मौजूद अन्य तीन नाबालिग छात्रों ने उस चाकू को हाथ में ▶▶|शेष पेज 6 पर


बेहद खतरनाक, वीडियो बनाने बच्चों ने स्कूल में लहराया चाकू, सोशल मीडिया में खलबली

पंडरी पुलिस ने परिजनों को थाना बुलाकर की पूछताछ

## माइनस 40 वाले भी पात्र, एमडी-एमएस की खाली सीटों के लिए नया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अंतिम तिथि 10 फरवरी, 230 सीटों के लिए होगा मॉपअप राउंड

राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा आरक्षित वर्ग के माइनस 40 अंक वाले चिकित्सा छात्रों को पात्र किए जाने के नियम के साथ एमडी-एमएस की खाली 230 सीटों के लिए नया आवेदन शुरू हो गया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा तय 10 फरवरी तक पुराने छात्र संस्था चयन की प्रक्रिया पूरी करेंगे। एनबीईएमएस द्वारा कटऑफ में की गई कमी के मुताबिक 103 अंक वाले जनरल कैटेगरी और 90 अंक वाले पीडब्ल्यूबीडी के छात्र भी मॉपअप राउंड में प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

शासकीय और निजी कालेजों की पीजी सीट पर संयुक्त काउंसिलिंग पूरी होने के बाद शुक्रवार से तीसरे राउंड की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। मॉपअप राउंड में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा की गई न्यूनतम अंक में कटौती के नियम को इसमें लागू किया गया है। परसेंटाइल कम किए जाने के बाद प्रवेश के लिए पात्र विद्यार्थियों से नया आवेदन मंगाया जा रहा है। वहीं संयुक्त राउंड की प्रक्रिया शिथिल होने की वजह से पूर्व पंजीकृत पात्र अभ्यर्थियों को संस्था चयन करने का मौका दस फरवरी तक दिया गया है। नए नियम के अनुसार ▶▶|शेष पेज 6 पर

पुराने करेंगे संस्था चयन



#### संस्था चयन में सावधानी

*काउंसिलिंग कमेटी ने विद्यार्थियों को चेताया है कि इस राउंड में आवंटित सीटों पर एडमिशन लेना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने पर चिकित्सा छात्र की पंजीयन राशि जब्त कर ली जाएगी। काउंसिलिंग में शामिल होने वालों से कहा गया कि वे संस्था चयन में सावधानी बरते और उसी का चयन करे जहां वे एडमिशन लेने के इच्छुक है। संयुक्त काउंसिलिंग में शामिल उन छात्रों को पोर्टल पर लॉगिन कर अपग्रेड के लिए सहमति देने के बाद संस्था चयन करना होगा।*

### सीमावर्ती क्षेत्रों में सख्ती, नेपाल-बांग्लादेश बॉर्डर पर रेलवे अलर्ट

## अब ट्रेन यात्रा में पहचान पत्र रखना अनिवार्य, नहीं तो बिना टिकट के यात्रा माना जाएगा, रेलवे नियम के साथ कार्रवाई भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर



रेलवे ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। रेलवे बोर्ड ने आरक्षित श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए पहचान पत्र सत्यापन को अनिवार्य करते हुए सभी जोनल रेलवे को सख्त निर्देश जारी किए हैं। खासतौर पर भारत-नेपाल और भारत-बांग्लादेश जैसी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से सटे क्षेत्रों में इन नियमों को कड़ाई से लागू करने को कहा गया है। रेलवे का मानना है कि इससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा। रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधकों (पीसीसीएम) को पत्र जारी कर यह सुनिश्चित करने को कहा है कि आरक्षित श्रेणी में यात्रा करने वाले प्रत्येक यात्री से यात्रा के दौरान वैध पहचान पत्र का मूल दस्तावेज प्रस्तुत कराया जाए। रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों में अब पहचान पत्रों की जांच अनिवार्य रूप से की जा रही है।

#### एक यात्री के पास मूल पहचान पत्र होना अनिवार्य

*पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में यात्री को बिना टिकट यात्रा करने वाला माना जाएगा और रेलवे नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। रेलवे बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि समूह में यात्रा करने वाले यात्रियों के मामले में आरक्षित टिकट पर दर्ज यात्रियों में से कम से कम एक यात्री के पास मूल पहचान पत्र होना अनिवार्य है। यदि समूह में कोई भी यात्री पहचान पत्र दिखाने में असफल रहता है, तो पूरे समूह को बिना टिकट यात्रा करने की श्रेणी में रखा जा सकता है, जिसके तहत जुर्माना और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।*

#### रियायत को निरस्त कर पूरा किराया वसूला जा सकता है

दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, छात्र एवं अन्य विशेष आरक्षण या रियायत कोटा के अंतर्गत यात्रा करने वाले यात्रियों को भी अपनी पात्रता से जुड़े वैध दस्तावेज यात्रा के दौरान दिखाने होंगे। पात्रता प्रमाणित नहीं होने पर रेलवे द्वारा दी गई रियायत को निरस्त कर पूरा किराया वसूला जा सकता है। यह निर्देश रेलवे बोर्ड के यात्री विपणन निदेशक-टू संजय मनोचा की ओर से जारी किए गए हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पहचान पत्र की अनिवार्यता से न केवल यात्रियों की सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि फर्जी टिकटों और अनुचित लाभ उठाने की प्रवृत्ति पर भी अंकुश लगेगा।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

05

'सीढ़ी-दर-सीढ़ी उर्फ तुक्के पे तुक्का'....

लाइव इवेंट

## पुलिस से संवाद कर डर करें दूर अपराध कम करने बढ़े भागीदारी



**रायपुर।** महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय में कमिश्नरेट प्रभावशील होने के बाद पहला महत्वपूर्ण व्याख्यान संवाद से समाधान कार्यक्रम पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एसीपी तारकेश्वर पटेल, डीएसीपी दीपक मिश्रा, थाना प्रभारी कोतवाली सतीश सिंह गहरवार एवं यातायात निरीक्षक टीके भोई आदि की विशेष उपस्थिति रही। वहीं आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं समेत विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। आयोजन में पुलिस अधिकारियों ने संवाद से समाधान में साइबर अपराध पुलिस हेल्पलाइन नंबर सहित नशाखोरी रोकने के लिए होने वाले प्रयासों को लेकर विस्तार से जानकारी रखी। अधिकारियों ने बताया कि किस तरह के साइबर अपराध निरंतर सामने आ रहे हैं। उन अपराधों का पुलिस किस तरह निराकरण कर रही है। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को जागरूक करने की कोशिश की और पुलिस के महत्वपूर्ण नंबर बताए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन नंबरों का उपयोग कर विद्यार्थी अपने को अच्छी तरह सुरक्षित कर सकें और आने वाले खतरे से बच सकें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुखर्जी ने भी संवाद से समाधान कार्यक्रम को पुलिस का एक महत्वपूर्ण अभियान बताया और कहा कि इस तरह के अभियान से जागरूकता बढ़ेगी तथा कॉलेज-स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे-बच्चियों को सुरक्षित रखने में मदद हो सकेगी।

### पुलिस से संवाद कर डर दूर करना चाहिए

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पुलिस से संवाद कर डर दूर करना चाहिए और अपराध को रोकने में भी मदद करनी चाहिए। यातायात निरीक्षक श्री भोई ने ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी और हेलमेट की अनिवार्यता को समझाया, ताकि सुरक्षित वाहन चलाने में विद्यार्थी सजग और सुरक्षित रहें। उनके द्वारा सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए तमाम प्रयासों की भी जानकारी दी गई, जो बेहद सार्थक रही।एडीसीपी दिनेश मिश्रा ने पुलिस हेल्पलाइन नंबर के जरिए विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उनसे सवाल भी पूछे और अपनी जिज्ञासा को संतुष्ट किया। उन्होंने बताया कि पुलिस निरंतर अपराध रोकने की दिशा में कदम बढ़ा रही है और आने वाले दिनों में इसके बेहतर परिणाम सामने आएंगे। कार्यक्रम में प्राध्यापक ललित वर्मा, डॉ. प्रेम, अनुपमा जैन, अपूर्व शर्मा, रामप्रसाद दुबे, सिमरन चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रीतम दास ने किया।

● वैलेंटाइन वीक की शुरुआत आज से, दूसरे राज्यों से भी फूलों की आवक

# रोज डे पर देशी-विदेशी फूलों की बहार, मिस्टर लिंकन और फ्लोरीबंडा की मांग, आज 20 रुपए का गुलाब 50 में बिकेगा

"वैलेंटाइन वीक की शुरुआत आज प्यार के इजहार के दिवस यानी रोज डे से होगी, जिसे लेकर शहर का फूल बाजार गुलजार हो चुका है। इस बार गुलाब के भाव पिछले साल से अधिक बढ़े हुए हैं। 15 और 20 रुपए का गुलाब रोज डे से पहले 30 और 40 रुपए तक पहुंच गया है। वैलेंटाइन वीक के लिए लाल, पीले और सफेद गुलाबों का गुलदस्ता बनाया जा रहा है। युवाओं ने इस बार भी दूसरे राज्यों से विदेशी फूल मंगाए हैं। बाजार में सभी तरह के विदेशी फूलों की मांग बढ़ गई है।

रायपुर। लोगों को अब यह आसानी से नहीं मिल रहे हैं। हरिभूमि ने रोज डे को लेकर फूल कारोबारियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि जब भी गुलाब की मांग बढ़ती है, दाम भी बढ़ जाते हैं। फूलों का स्टॉक कम न हो, इसलिए स्थानीय किसानों के साथ दूसरे राज्यों से भी हजारों की संख्या में गुलाब मंगाए हैं। रोज डे को लेकर गुलाब की कलियों को आकर्षक रूप से सजाना शुरू कर दिया है। गुलाब फूल की केवल पंखुड़ियां ही 250 रुपए किलो में बेची जा रही हैं।





### ओडिशा, नागपुर कोलकाता से मंगाए

*रोज डे के लिए युवा विदेशी फूलों की एडवांस बुकिंग करा चुके हैं। लंबे समय तक फूल में ताजगी रहे, इसके लिए युवा विदेशी फूल खरीदते हैं। फूल चौक के व्यापारी कमलेश मिश्रा ने बताया कि रोजा ईडन, मिस्टर लिंकन, फ्लोरीबंडा की इस बार भी मांग अधिक रहेगी। इन फूलों में खुशबू लंबे समय तक रहती है। उनका कहना है कि शहर की नर्सरी में विदेशी गुलाब फूल नहीं मिल पाते हैं। इसलिए ओडिशा और नागपुर के साथ कोलकाता से ऑर्डर किया है। वैलेंटाइन डे तक 30 हजार फूल बिक जाएंगे। 30 से 40 रुपए में एक गुलाब मिलेगा।*

### एक कार्टून में 50 गुलाब

शहर में अधिकतर छोटे-बड़े व्यापारी नर्सरी से फूल खरीद रहे हैं। ऐसे में फूलों की मांग काफी बढ़ गई है। व्यापारी गुलाब खराब न हो, इसलिए दिन के हिसाब से खरीद रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, एक कार्टून में 50 गुलाब होते हैं। राजधानी समेत बिलासपुर से भी व्यापारियों ने फूल के ऑर्डर दिए हुए हैं। मांग अधिक है, ऐसे में वैलेंटाइन डे तक गुलाबों की कीमत और भी बढ़ सकती है।



### अब 20 का गुलाब 50 में

पिछले तीन दिनों तक एक गुलाब का फूल जहां 20 रुपए में बिक रहा था, वहीं अब एक गुलाब के लिए लोगों को 50 रुपए देने पड़ेंगे। मुख्य बाजार के इतर अंदर के बाजार में दुकानदारों ने मांग बढ़ने पर रेट बढ़ा दिए हैं। 50 गुलाबों का एक गुलदस्ता बनवाते हैं तो उसके लिए 2500 रुपए से ज्यादा खर्च करने पड़ेंगे। दुकानदार रंगों के अनुसार फूलों का महत्व भी लोगों को बता रहे हैं। ताजा रखने के लिए कलियों को पानी में भिगोकर रखा गया है।

### दोस्ती के लिए खरीद रहे पीला गुलाब

शहर के अग्रसेन चौक पर 10 साल से फूलों का व्यवसाय कर रहे समीर सैनी ने बताया, पिछले तीन साल में युवाओं की फूल खरीदने के लिए पहले की तरह भीड़ नहीं आ रही है। उम्मीद के अनुसार फूल पिछले साल नहीं बिके थे। इस बार स्थिति ऐसी नहीं है। बुकिंग को देखकर लगा रहा है कि अच्छा व्यापार होगा। युवाओं की मांग अनुसार ही गुलाब के फूल मंगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि रोज डे को लेकर दो तरह के गुलाब की मांग अधिक है। लाल गुलाब प्यार का इजहार करने खरीद रहे हैं तो वहीं पीला गुलाब दोस्ती की शुरुआत के लिए। इन दोनों फूलों के एक हजार पीस अपने दुकान में बिक्री के लिए मंगाए हैं।

सिटी लाइव

## संयुक्त राज्य स्थापना दिवस पर दिखी सांस्कृतिक एकता



**रायपुर।** लोकभवन के छत्तीसगढ़ मंडप में आंध्रप्रदेश, पंजाब, झारखंड, नागालैंड, हरियाणा एवं चंडीगढ़ सहित छह राज्यों का स्थापना दिवस संयुक्त रूप से मनाया गया। "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की भावना के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों, प्रांत प्रमुखों एवं समाजजनों ने सहभागिता कर अपनी-अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपरा एवं विरासत का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आंध्र एसोसिएशन के अध्यक्ष जी. स्वामी, पंजाब के प्रतिनिधि के रूप में अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, हरियाणा सेवा संघ के सतबीर सिंह तंवर, झारखंड प्रतिनिधि के रूप में दलबजीत सिंह सलूजा तथा नागालैंड की प्रतिनिधि के रूप में नववासी कल्याण आश्रम से जुड़ी बालिकाओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही। विभिन्न प्रांत प्रमुखों ने अपने संबोधन में बताया कि उनके समाजजन आजादी से पूर्व छत्तीसगढ़ आए और सेवा, व्यापार, शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों के माध्यम से प्रदेश के विकास में निरंतर योगदान दे रहे हैं।



### विविधता में एकता का सशक्त संदेश

राज्यपाल रमेन डेका, राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना, उत्तर विधानसभा से विधायक पुरंदर मिश्रा की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विभिन्न राज्यों की लोकसंस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा एवं नृत्य की सुंदर झलक देखने को मिली, जिसने विविधता में एकता का सशक्त संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन राज्यों के मध्य भावनात्मक एकात्मता को सुदृढ़ करते हैं तथा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की संकल्पना को साकार करने की दिशा में यह आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

महावीर विद्यालय गुढ़ियारी में वार्षिकोत्सव एवं खेलकूद प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह

## स्कूली बच्चों ने देशभक्ति-लोकनृत्य और पारंपरिक खेलकूद में दिखाई प्रतिभा

**रायपुर।** महावीर विद्यालय गुढ़ियारी में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल प्रांगण में किया गया। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य, गीत-संगीत की शानदार प्रस्तुति से मन मोहा। स्कूल के प्रतिभागी बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ अपनी कला, प्रतिभा को वार्षिकोत्सव के मंच से टीचर्स और पैरेंट्स के सामने प्रदर्शित किया। इन प्रतिभागी बच्चों की कमाल की कला-प्रतिभा को टीचर्स और पैरेंट्स ने खूब सराहा। समारोह में देशभक्ति, भारतीय संस्कृति से संबंधित नृत्यकला के प्रदर्शन से सभी भावविभोर होते रहे। विद्यालय के प्राचार्य तपन कुमार चौधरी, पल्लवी दुबे एवं विद्यालय के सभी वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पमाला एवं दीप प्रज्ज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय में वार्षिक खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम का पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नोडल, प्राचार्या अर्चना दुबे, शशिबाला विद्यालय शुक्रवारी बाजार एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय सिंह जडेजा, सचिव अरुण राठी, सदस्य राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे।



### विजेताओं को किया पुरस्कृत

*समस्त मंचस्थ अतिथियों द्वारा विभिन्न खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को मेडल, प्रमाणपत्र व नकद राशि प्रदान की गई। मंच संचालन संजय पारिक, मीनल तिवारी, सुनीता निगम एवं संगीत पुराणिक ने किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए गए। इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।*

## सिरपुर महोत्सव में शहर की कथक नृत्यांगना इशिका की भावपूर्ण प्रस्तुति ने मोहा मन

**रायपुर।** शहर की युवा कथक नृत्यांगना इशिका गिरी ने सिरपुर महोत्सव में अपने प्रदर्शन से अद्भुत छटा बिखेरी। तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव की समापन संध्या पर संस्कृति और साधना के अनुपम संगम में इशिका ने कथक की सशक्त और भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। सिरपुर की ऐतिहासिक धरती पर जैसे ही कथक की मधुर थाप गूंजी, पूरा वातावरण मंत्रमुग्ध हो गया। युवा कथक नृत्यांगना ने मंच पर प्रतिभा, आत्मविश्वास से लयबद्ध एवं भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों को बांध लिया। पैरों की सधी हुई थाप और भावों की सहज अभिव्यक्ति ने कथक की आत्मा को जीवंत कर दिया। रायपुर में जन्मी इशिका गिरी सात वर्ष की आयु से कथक सीख रही हैं। वर्तमान में कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में कथक गुरु डॉ. आरती सिंह से प्रशिक्षण ले रही हैं। इशिका ने बताया कि सिरपुर महोत्सव में प्रस्तुति से



उन्हें नई उर्जा और प्रेरणा मिली है। शास्त्रीय नृत्य हमें सीधे ईश्वर से जोड़ता है और अपनी कला, संस्कृति तथा परंपरा को समझने का अवसर प्रदान करता है। इशिका अब तक 30 से अधिक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुति दे चुकी हैं। चक्रधर समारोह, राज्योत्सव, भोरमदेव महोत्सव, राष्ट्रीय भाषा दिवस, आल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन में नृत्य रत्नाकर, नृत्य संचिता, नंदी पुरस्कार आदि से सम्मानित हो चुकी हैं।

समर सीजन में यूथ के लिए नई डिजाइनर प्रिंटेड शर्ट और सूती कुर्तियों का ट्रेंड

# गर्मी की दस्तक के साथ ही बदल गया कपड़ों का ट्रेंड अब समर कलेक्शन में कॉटन-सूती की हो रही डिमांड

कार्नर न्यूज

फरवरी माह की शुरुआत होते ही शहर में गर्मी की दस्तक के साथ ही कपड़ों की खरीदारी का ट्रेंड बदल गया है। अब लोग समर सीजन के हिसाब से आरामदायक और ठंडक पहुंचाने वाले कपड़े खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। मौसम की गर्माहट से गर्म कपड़ों की खरीदी बंद हो चुकी है और अब बाजार में समर कलेक्शन की धूम मच गई है।



**रायपुर।** बच्चों, युवाओं, वर्किंग महिलाओं और बुजुर्गों के लिए नए समर कपड़े उपलब्ध हैं। काटन फैब्रिक और खादी के कपड़ों की मांग बढ़ गई है, क्योंकि ये गर्मी में ठंडक और आराम प्रदान करते हैं। इस बार वर्किंग यूथ और ग्रूम के लिए डिजाइन एथनिक वेयर भी बाजार में लाई गई हैं, जो खासकर आरामदायक और स्टाइलिश लुक के साथ मार्केट में पसंद की जा रही हैं। बाजार में होलसेलर्स के पास गर्मी के कपड़ों का नया कलेक्शन आ चुका है, जिसमें विभिन्न डिजाइन, पैटर्न और फैब्रिक के कपड़े उपलब्ध हैं, जो इस मौसम की जरूरतों के हिसाब से बिल्कुल फिट बैठते हैं।

### कम्फर्टेबल कुर्तियों और साड़ियों की बढ़ी मांग

*पंडरी स्थित दुकानों में इस बार समर कलेक्शन का नया दौर शुरू हो चुका है, जिसमें महिलाओं के लिए खास कलेक्शन पेश किया गया है। दुकान संचालक ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा कलेक्शन लाया गया है, जिसमें वर्किंग महिलाओं के लिए कम्फर्टेबल कुर्ती-पैंट सेट, कॉटन साड़ी, प्रिंटेड और ब्लॉक प्रिंट में नई डिजाइनर कुर्तियों की बड़ी वैरायटी उपलब्ध है।*

### फैशन के साथ गर्मी में सूती कपड़ों का बढ़ा चलन

गर्मी के मौसम में फैशन के साथ-साथ आराम का भी खास ख्याल रखा जा रहा है। दुकान संचालक जय कुमार ने बताया कि इस बार गोटा वर्क कफ्तान, पैंट-कुर्ती सेट, प्रिंटेड और ब्लॉक प्रिंट, कॉटन कैमब्रिक में हैंड प्रिंटेड कुर्ती, चंदेरी गोटा वर्क और जयपुरी कुर्तियां और साड़ियां पेश की गई हैं। गर्मी के मौसम में ज्यादातर लोग आरामदायक कपड़े पहनना पसंद करते हैं और सूती कपड़े इस सीजन के लिए एक बेहतरीन विकल्प साबित हो रहे हैं। सूती कपड़े न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि ये शरीर को ठंडक भी पहुंचाते हैं, जिससे गर्मी का असर कम होता है। खासकर उन महिलाओं के लिए, जो लगातार काम करती हैं, ये डिजाइनर सूती ड्रेस बेहतर विकल्प साबित हो सकती हैं।



### मेन्स वियर के लिए डिजाइनर शेरवानी

गर्मी के मौसम में फैशन और आराम को ध्यान में रखते हुए पंडरी स्थित दुकानों में मेन्स वियर का नया कलेक्शन पेश किया गया है। दुकान संचालक नितेश ने बताया कि इस बार समर सीजन के लिए खास कॉटन और ऑर्गेनिक फैब्रिक में डिजाइनर शेरवानी तैयार की गई हैं, जो शादी के सीजन में खासी लोकप्रिय होंगी। इसके अलावा प्रिंटेड शर्ट्स, को-ऑर्ड सेट और हैवी प्रिंटेड शर्ट्स भी इस मौसम में फैशन में बने रहेंगे। गर्मियों के दौरान मेन्स वियर में लाइटवेट और आरामदायक कपड़ों की मांग ज्यादा होती है, खासकर ग्रूम के लिए हल्की और रंगीन शेरवानी तथा हैवी साफा तैयार किए गए हैं, जो उनकी पहली पसंद बन गए हैं।

**इवेंट लाइव**

## गजानन महाराज प्रकटोत्सव का आगाज, गूंज रहे जयकारे



**रायपुर।** तात्यापारा स्थित संत श्री गजानन महाराज संस्थान में 'गजानन महाराज प्रकट उत्सव सप्ताह' की भव्य शुरुआत हो चुकी है। मंदिर प्रांगण को इस वर्ष नवीन और आकर्षक साज-सज्जा से सजाया गया है, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पूरे सप्ताह चलने वाले इस उत्सव में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। उत्सव की शुरुआत 5 फरवरी (गुरुवार) को कलश स्थापना, षोडशोपचार पूजन, सहस्त्रावर्तन पूजन और अभिषेक के साथ की गई। मंदिर समिति के अनुसार, उत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रातः काल सहस्त्रावर्तन, सहस्त्राभिषेक पूजन और आरती का आयोजन होगा।

### सांस्कृतिक और भजन संध्या का आयोजन

भक्तों के लिए प्रतिदिन शाम को विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को चैतन्य जोगलेकर और सोमेंद्र फड़के द्वारा महाराज के चरणों में सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। आज लखनऊ से आमंत्रित कलाकार कु. अरणा देवासकर और प्रज्योत देवासकर द्वारा 'सुगम संगीत' का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।8 फरवरी को मनेगा प्रकट दिवस उत्सव का मुख्य आकर्षण 8 फरवरी को महाराज का 'प्रकट दिवस' होगा। इस दिन सुबह 10 बजे 'श्री गणेश याग' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 1100 मोदकों की विशेष आहुति दी जाएगी। 9 फरवरी को पारंपरिक 'भाजी-भाकर' महाप्रसाद (भंडारा) का वितरण होगा। रात्रि 8 बजे महाआरती की जाएगी। 10 को उत्सव के अंतिम चरण में महिलाओं द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। शाम 6:00 बजे गजानन महाराज की भव्य शोभायात्रा (पालकी) निकाली जाएगी।

**भारत रंग महोत्सव के चौथे दिन प्रख्यात रंगकर्मी बंसी कौल द्वारा निर्देशित विश्व प्रसिद्ध नाटक की प्रस्तुति**

# 'सीढ़ी-दर-सीढ़ी उर्फ तुक्के पे तुक्का' : राजनीतिक परिस्थितियों-गिरते सामाजिक मूल्यों पर तीखा व्यंग्य

भारत रंग महोत्सव के चौथे दिन शुक्रवार को प्रख्यात रंगकर्मी स्व. बंसी कौल द्वारा निर्देशित विश्व प्रसिद्ध नाटक सीढ़ी दर सीढ़ी उर्फ तुक्के पे तुक्का का मंचन हुआ। पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में शाम 7 बजे नाटक मंचन देखने दर्शकों की हुजूम उमड़ पड़ा। वरिष्ठ कवि और साहित्यकार राजेश जोशी द्वारा लिखित इस नाटक की कहानी एक रईस जागीरदार के आवारा लड़के तुक्कू के इर्द-गिर्द घूमती है।



**रायपुर।** तुक्कू को एक दिन एक ज्योतिषी कहता है कि वो आला अफसरों के इम्तिहान में पहले तीन में जगह पाएगा। तुक्कू अपनी किस्मत आजमाने राजधानी पहुंच जाता है और किस्मत उसे आला अफसर बना देती है। नाटक के माध्यम से वर्तमान राजनैतिक परिस्थितियों पर कटाक्ष करते हुए दर्शकों को खूब गुदगुदाया। नाटक में दिखाया गया कि किस तरह हुक्मरान अपने ऐशो-आराम के नशे में बेतुके कानून बनाकर जनता का शोषण करते हैं। नाटक सत्ता और नौकरशाह के संबंधों पर भी गहरा वार करता है। ये कहकर कि पढ़े-लिखे अफसरों को अनपढ़ हुक्मरान आदेश देते हैं, ऐसे में जनता का शोषण तो होना ही है। नाटक ये भी दर्शाता है कि जनता अगर सत्ता पर बिठा सकती है तो तख्तापलट भी कर सकती है।

### कलाकारों की शानदार प्रस्तुति

नाटक की विदूषक शैली बेहद प्रभावशाली है और सभी कलाकारों में गजब की स्फूर्ति देखते ही बनती है। कलाकार नाटक में जीवंत अभिनय से दर्शकों को अचम्भित कर दिए। सभी पात्रों का अभिनय दर्शकों को तालियां बजाने को मजबूर कर देता है अंजना पुरी का संगीत नाटक को प्रभावशाली बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है, घनश्याम राजपूत का प्रकाश संचालन प्रभावी रहा।

### लोककथा से प्रेरित नाटक

बंसी कौल निर्देशित, राजेश जोशी का लिखा नाटक चीनी लोककथा से प्रेरित है। नाटक में तुक्कू जमींदार का बेटा है, जो कभी स्कूल नहीं गया। वह खेलकूद और पतंगबाजी करते-करते बड़ा हुआ है। वह एक प्रकार के लुम्पेन कल्चर में पला-बढ़ा है। तुक्कू के बचकाने फैसलों की दरबार में खूब सराहना होती है। हालांकि एक मसखरा है, जो शुरू से लेकर आखिर तक तुक्कू की मूर्खताओं को भली-भांति समझता है। तुक्कू अनपढ़ है, यह भेद खुल जाता है। उससे नवाब के खिलाफ पत्र लिखवाता है। इतने में दूसरा नवाब हमला कर देता है, जिसमें वह जीत जाता है। इस बीच तुक्कू का लिखा खत उस नए नवाब के हाथ लग जाता है। उसे पिछले नवाब का दुश्मन समझ उसे आगे भी अच्छा पद मिल जाता है।





### प्रख्यात रंगकर्मी बंसी कौल को दी श्रद्धांजलि

प्रख्यात रंगकर्मी बंसी कौल को श्रद्धांजलि स्वरूप नाटक 'सीढ़ी दर सीढ़ी उर्फ तुक्के पे तुक्का' का मंचन किया गया। यह नाटक राजेश जोशी द्वारा लिखित एवं बंसी कौल द्वारा निर्देशित है, जिसे रंग विदूषक भोपाल के कलाकारों ने प्रस्तुत किया। नाटक की अवधि डेढ़ घंटे रही।

### आज की प्रस्तुति

हिंदी भाषा में नाटक 'को-जानी कहां' का मंचन किया जाएगा। यह नाटक दुर्गेश सोनी द्वारा लिखित तथा अन्नपूर्णा सोनी द्वारा निर्देशित है, जिसे दर्पण रंग समिति कटनी के कलाकार प्रस्तुत करेंगे।

**समाज लाइव**

## निर्विरोध राष्ट्रीय महासचिव बने शेखर अमीन, सुबोध प्रदेश प्रभारी





**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ आजीवन सभासद शेखर रावसाहेब अमीन बृहन्महाराष्ट्र मंडल नई दिल्ली के निर्विरोध राष्ट्रीय महासचिव निर्वाचित हुए हैं। इसी तरह सुबोध टोले भी बिना विरोध छत्तीसगढ़ प्रभारी चुने गए हैं। बृहन्महाराष्ट्र मंडल के सौ साल के इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय कार्यकारिणी में छत्तीसगढ़ से शेखर रावसाहेब अमीन अकेले ऐसे व्यक्ति हैं, जो राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय महासचिव और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रह चुके हैं। अब वे फिर निर्विरोध राष्ट्रीय महासचिव बने हैं। निर्वाचन अधिकारी शरयु वाघमारे ने बताया कि बृहन्महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष पद पर दिलीप कुंभोजकर, उपाध्यक्ष दीपक कर्पे, कोषाध्यक्ष यशोवर्धन फाटक और कार्यवाह पूनम कुलकर्णी को भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने शेखर रावसाहेब अमीन को निर्विरोध राष्ट्रीय महासचिव और सुबोध टोले को छत्तीसगढ़ कार्यवाह बनने पर बधाई दी है। श्री काले ने कहा कि शेखर और सुबोध के चुने जाने से छत्तीसगढ़ के महाराष्ट्र मंडलों में बृहन्महाराष्ट्र मंडल की गतिविधियां बढ़ेंगी। यहां की प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शन के मौके मिलेंगे। साथ ही बाहर के सुप्रसिद्ध कलाकारों को देखने-मिलने के अवसर भी मिलेंगे।

> अमीन के महासचिव बनने से छत्तीसगढ़ के महाराष्ट्र मंडलों में बढ़ेंगी बृहन्महाराष्ट्र मंडल की गतिविधियां

## परीक्षा में समय कम अब ब्लूप्रिंट व प्री-बोर्ड एग्जाम के प्रश्नों के नोट्स को करें रिवीजन

### परीक्षा के समय पर एकदम से दिमाग पर किसी तरह का बोझ न लें

रायपुर। विद्यार्थियों को सिलेबस के नोट्स को प्रैक्टिस से समझाना व याद रखना आसान होता है। अब परीक्षा को महज कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में अब सीजी बोर्ड द्वारा दिए गए ब्लूप्रिंट व प्री-बोर्ड एग्जाम के प्रश्नों के नोट्स बनाकर भली-भांति उनका रिवीजन करें। ये कहना है जेएन पांडे हायर सेकंडरी स्कूल के फिजिक्स विषय के टीचर प्रमोद पांडे का। वे 12वीं बोर्ड परीक्षा के टिप्स देते हुए बताते हैं कि विद्यार्थी साइंस विषयों के सूत्रों एवं व्युत्पत्तियों का रिवीजन करेंगे तो यह आसानी से उनकी मेमोरी में रहेगा। बोर्ड एग्जाम में सफलता और मेरिट में स्थान पाने के लिए विद्यार्थियों की नियमित तैयारी बेस बनता है। अब भी किसी विषय के किसी भी प्रश्न को लेकर डाउट हो तो उसे टीचर्स से क्लीयर कर सकते हैं। विद्यार्थी अभी घर पर ही रिवीजन पर पूरा फोकस करें। हम स्कूल में बच्चों को बोर्ड एग्जाम पैटर्न के अनुरूप तैयारी कराए हैं, ताकि वे एग्जाम में सफल हो सकें। इसके लिए निर्धारित बोर्ड पैटर्न के अनुसार सिलेबस बेस प्रश्नों को अंक विभाजन के हिसाब से हल करने के टिप्स भी दिए हैं। इस तरह से स्टूडेंट्स की इस वर्ष बोर्ड एग्जाम की तैयारी पूरी है। 10वीं, 12वीं के सभी विद्यार्थी अपनी तैयारियों के भरोसे परीक्षा देने जाएं।



### ऑब्जेक्टिव में नॉलेज बेस्ड क्वेश्चन

परीक्षा में ऑब्जेक्टिव प्रश्नों में नॉलेज बेस्ड प्रश्न आते हैं। क्लास में नियमित यूनिट टेस्ट के साथ ही प्री-बोर्ड एग्जाम भी होता है। स्टूडेंट्स को परीक्षा में सफल होना है तो नियमित मॉक टेस्ट और सैंपल पेपर हल करना बहुत जरूरी होता है। 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए साइंस विषय पर टिप्स देते हुए बताते हैं कि स्टूडेंट्स मॉक टेस्ट और मॉडल पेपर को हल किए हैं तो उनको प्रश्न हल करने में आसानी होगी।

### प्रश्न शीट को समझें और उसी टॉपिक्स पर उत्तर लिखें

टीचर्स व काउंसलर का कहना है कि स्टूडेंट्स परीक्षा हॉल में प्रश्न शीट को अच्छी तरह समय पर हल करें, आवश्यक हो तो उसी टॉपिक्स पर उत्तर लिखें। बोर्ड एग्जाम को लेकर विद्यार्थियों को मन से डर निकाल देना चाहिए। पार्ट-पार्ट में सिलेबस रीडिंग की टाइमिंग मैनेज कर लें। परीक्षा के समय पर एकदम से दिमाग पर किसी तरह का बोझ न लें।

## भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष बने चंद्रेश, गोल्डी महासचिव

**रायपुर।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति-2026 का गठन हो चुका है। समिति में चंद्रेश शाह को अध्यक्ष, गोल्डी लूनिया को महासचिव, विकास सेठिया को कोषाध्यक्ष, हेमंत बैद को कार्यकारी अध्यक्ष और आनंद जैन को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति 2026 द्वारा आगामी महोत्सव की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए समिति के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन समारोह 8 फरवरी 2026, रविवार को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे श्री ऋषभदेव जैन मंदिर, सदर बाजार में संपन्न होगा।समिति द्वारा जारी आमंत्रण के अनुसार, इस उद्घाटन समारोह में समाज के गणमान्य नागरिकों एवं पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत शामिल होंगे, जो कार्यालय का विधिवत उद्घाटन करेंगे।





### 14 घटकों के अध्यक्ष रहेंगे विशेष अतिथि

*इस अवसर पर समाज के विभिन्न 14 घटकों के सम्माननीय अध्यक्ष विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव-2026 की तैयारियों को व्यवस्थित रूप से प्रारंभ करना और समाज के सभी वर्गों को इस महोत्सव से जोड़ना है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भगवान महावीर का जन्म कल्याणक जैन समाज का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे हर वर्ष श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी महोत्सव को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।*

**सिटी लाइव**

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला 10 को

**रायपुर।** राष्ट्रीय सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र मंडल में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होगा। संत ज्ञानेश्वर स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम दोपहर 12 बजे एवं महाराष्ट्र मंडल भवन में शाम 6.30 बजे होगा। इस मौके पर इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां बच्चों सहित हर आयुवर्ग के लोगों को दी जाएगी। जागरूकता कार्यक्रम के संयोजक और संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर जागरूकता कार्यक्रमों में पॉवर पॉइंट के माध्यम से लोगों को सुरक्षित तरीके से इंटरनेट का उपयोग कैसे करें, कैसे साइबर क्राइम से बचा जाए और कैसे अपनी पढ़ाई, रोजगार, स्वरोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इंटरनेट का सार्थक उपयोग करें। इन विषयों पर तकनीकी व व्यावहारिक जानकारी देंगे। श्री डोनगांवकर ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर होने वाली कार्यशाला में स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प, एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग करने की जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला का उद्देश्य कई चेतावनियों के बाद, सावधानियां बरतने के बावजूद आमजन साइबर क्राइम के चुंगल में फंसते हैं, उन्हें बचाना और जागरूक करना है।

### एआई के उपयोग के बारे में विशेषज्ञ देंगे टिप्स

इस वर्कशॉप में विशेषज्ञ खासकर बच्चों और युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का सृजनात्मक और सकारात्मक उपयोग करने की दिशा में मार्गदर्शन दिया जाएगा। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले और संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने अधिकाधिक बच्चों, शिक्षकों और आमजनों से कार्यशाला में शामिल होने की और जानकार बनने की अपील की है।

**37वें फेडरेशन कप में केरल और तमिलनाडु का दबदबा, सेमीफाइनल में पहुंचीं टीमें**

# सर्विसेज-झारखंड की एकतरफा जीत, हरियाणा ने मेजबान छत्तीसगढ़ को दी शिकस्त, सेमीफाइनल की जंग हुई तय

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** 37वें फेडरेशन कप वॉलीबॉल चैंपियनशिप के चौथे दिन कोर्ट पर रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला जारी रहा। पुरुष वर्ग में जहां केरल और तमिलनाडु ने अपने शानदार प्रदर्शन से पूल में शीर्ष स्थान हासिल किया, वहीं महिला वर्ग में हरियाणा ने कड़े मुकाबले में छत्तीसगढ़ को मात दी। चौथे दिन पुरुष वर्ग में झारखंड और राजस्थान के बीच पहला मुकाबला खेला गया, जिसमें झारखंड ने सीधे सेटों में 3-0 (25-22, 25-23, 25-23) से जीत दर्ज की। वहीं सर्विसेज और इंडियन यूनिवर्सिटी के बीच हुए मैच में सर्विसेज ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए यूनिवर्सिटी की टीम को 3-0 (25-13, 25-23, 25-18) से करारी शिकस्त दी।





### अतिथियों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

मैचों के दौरान कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मुख्य रूप से ओडिशा से राज्यसभा सांसद निरंजन ऋषि, बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ इंडिया के सेक्रेटरी जनरल संजय शर्मा, अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन अमरजीत सिंह छाबड़ा, केरला समाज के अध्यक्ष विनोद पिलाई, एथलीट एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के संरक्षक जीएस बांबरा और चैंपियनशिप की कंट्रोल कमेटी के चेयरमैन सहीराम जाखड़ मौजूद रहे।



### तमिलनाडु और केरल का विजय अभियान जारी

हरियाणा और तमिलनाडु के बीच खेला गया मैच काफी संघर्षपूर्ण रहा, लेकिन अंततः तमिलनाडु ने 3-1 (25-19, 25-22, 22-25, 25-21) से बाजी मारी। एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले में केरल ने पंजाब को एकतरफा अंदाज में 3-0 (25-18, 25-23, 25-19) से हराकर अपनी बादशाहत कायम रखी। अपने सभी लीग मैच जीतकर केरल और तमिलनाडु अपनी-अपनी पूल में टॉप पर रहे। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों की तस्वीर अब साफ़ हो गई है। तमिलनाडु का मुकाबला पंजाब से होगा। केरल का सामना इंडियन रेलवे और सर्विसेज में से क्वालीफाई करने वाली टीम से होगा। महिला वर्ग में केरल ने राजस्थान को आसानी से 3-0 (25-20, 25-14, 25-19) से हराया। वहीं दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ और हरियाणा के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। छत्तीसगढ़ ने तीसरे सेट में वापसी की कोशिश की (29-27), लेकिन हरियाणा ने 3-1 (25-21, 25-11, 27-29, 25-16) से मैच अपने नाम कर लिया। अगला मैच छत्तीसगढ़ बनाम राजस्थान और इंडियन रेलवे बनाम इंडियन यूनिवर्सिटी होगा।

## खबर संक्षेप

### खैरखूंट में 9 से 3 दिनी कबीर सत्संग समारोह

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम खैरखूंट में त्रि दिवसीय संगीतमय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 9 फरवरी से 11फरवरी तक रखा गया है। 9 फरवरी को सुबह 10 बजे कलश यात्रा व दीप प्रज्वलित के तत्पश्चात महंत रामनाथ साहेब भिलौरी वाले का भजन सत्संग। 10 फरवरी को सुबह 10 बजे गुरु महिमा पाठ भजन सत्संग, दोपहर 2 बजे से महंत डोमन दास उरला वाले का कबीर अमृत वचन, भजन। 11फरवरी सुबह 10 बजे गुरु महिमा पाठ एवं सत्संग भजन, दोपहर 3 बजे से सात्विक यज्ञ चौका आरती के पश्चात प्रसाद वितरण का आयोजन रखा गया है, उक्त आयोजन कबीर सत्संग समिति, आमीन माता महिला मंडल एवं अनुराग नव युवक मित्र मंडल खैरखूंट के द्वारा आयोजित है।

### 240 लीटर डीजल जब्त



**आरंग।** थाना आरंग पुलिस ने 06 फ़रवरी को गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से डीजल का परिवहन कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 240 लीटर ज्वलनशील पदार्थ डीजल, जिसकी कीमत लगभग 22,320 रुपये आंकी गई है, जब्त किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी परमानंद रात्रे पिता किशनलाल रात्रे उम्र 27 वर्ष निवासी सेरहा पारा भैंसा थाना खरोरा मोटरसाइकिल में अवैध रूप से डीजल का परिवहन कर रहा था। जांच में आरोपी का कृत्य अपराध धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 ईसी एक्ट के अंतर्गत पाया गया। थाना आरंग पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में न्यायालय प्रस्तुत किया।

### कुटेशर में मड़ई मेला 9 को

**मंदिर हसौद।** आरंग विधानसभा के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत कुटेशर में 9 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। जहां मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार अनु सूचित जाति विकास विभाग अध्यक्षता नवीन अग्रवाल अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर अति विशिष्ट अतिथि श्याम कुमार नारंग जिला रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष जिला रायपुर ग्रामीण भाजपा विशिष्ट तिथि टाकेश्वरी मुरली साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग गोपाल वर्मा मंदिर हसौद मंडल अध्यक्ष कविता हेमंत कश्यप जिला प स रायपुर, ललिता कृष्णा वर्मा जागृति बंजारे रेखा कृपाल यादव ज स आरंग प्रेमीन संतराम बर्मन अध्यक्ष सरपंच संघ आरंग कुलेश्वर बैस शोभा यादव जहां 12:00 गांव के इष्ट देवी देवता की पूजा अर्चना 1:00 चंदन बांधे की सुरमयी लोक दर्पण लोक कला मंच की प्रस्तुति ।

## मांढर कॉलोनी में संचालित स्कूल की विसंगतियों पर कांग्रेस के तीखे सवाल

# प्राइमरी के लिए भवन बनाया अब उसमें निजी स्कूल संचालित, सरकारी बच्चों की पढ़ाई टिन शेड के नीचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा



धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के मांढर कॉलोनी में संचालित सरकारी प्राथमिक विद्यालय की स्थिति बेहद चिंताजनक और प्रशासन की लापरवाही का जीवंत प्रमाण है। निरीक्षण में यह गंभीर तथ्य सामने आया है कि जिस पक्की सरकारी मिडिल स्कूल की बिल्डिंग का निर्माण प्राइमरी स्कूल के बच्चों के उपयोग के लिए किया गया था, उसी भवन में आज एक निजी स्कूल संचालित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर, सरकारी प्राइमरी स्कूल के लगभग 65 मासूम बच्चे जर्जर टिन शेड की तीन कक्षाओं के नीचे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस कमेटी (OBC विभाग) भावेश बघेल ने इस स्थिति को शिक्षा व्यवस्था पर कलंक बताते हुए कहा कि यह बच्चों के संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि सरकारी संसाधन होते हुए भी बच्चों को असुरक्षित टिन शेड में पढ़ने पर मजबूर करना बताता है कि जिम्मेदार अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी से पूरी तरह मुंह मोड़ चुके हैं। भावेश बघेल ने धरसींवा के विधायक अनुज शर्मा के "विकास" के दावों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि आसपास के पंचायतों में विकास के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, पर ठीक बगल में स्थित यह जर्जर स्कूल उन सभी दावों को झूठा साबित कर देता है। यह दुर्भाग्य है कि कागजों पर विकास होता है और ज़मीनी हकीकत टिन शेड में तड़पते ये मासूम बच्चे बयां कर रहे हैं।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवा के अध्यक्ष आशीष वर्मा ने कहा कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के साथ ऐसा अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि "यह सिर्फ एक स्कूल की समस्या नहीं, बल्कि गरीब और सामान्य परिवारों के बच्चों के भविष्य का सवाल है। कांग्रेस पार्टी बच्चों के हक की लड़ाई जमकर लड़ेगी और यदि आवश्यक हुआ तो जमीन पर उतरकर उग्र आंदोलन भी किया जाएगा। आशीष वर्मा ने यह भी कहा कि कांग्रेस संगठन हर स्तर पर संघर्ष करेगा, चाहे प्रशासनिक स्तर पर दबाव बनाना हो या जनआंदोलन खड़ा करना—सरकारी बच्चों को उनका हक दिलाकर रहेंगे। अंत में दोनों नेताओं ने मांग की कि सरकारी पक्की बिल्डिंग को तुरंत निजी स्कूल से खाली कराकर प्राइमरी स्कूल को सौंपा जाए और बच्चों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक तथा मानक अनुरूप शिक्षण वातावरण की तत्काल व्यवस्था की जाए। उन्होंने साफ कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ किए जा रहे इस अन्याय को किसी भी परिस्थिति में जारी नहीं रहने दिया जाएगा।

## लखौली ओवरब्रिज पर हादसा, 3 वाहन आपस में भिड़े, कई घायल



**आरंग।** लखौली ओवरब्रिज पर गुरुवार रात तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे वाहन ने भीषण सड़क दुर्घटना को जन्म दे दिया। इस हादसे में तीन वाहन आपस में टकरा गए, जिसमें कई लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार महासमुन्द जिले के मचेवा निवासी सौरभ साहू (बीएससी), जो वर्तमान में जिला महासमुन्द में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं, अपनी मां पूर्णिमा साहू के साथ बलेनो कार क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 2075 से रायपुर से महासमुन्द लौट रहे थे। वाहन स्वयं सौरभ साहू चला रहे थे।रात्रि लगभग 10.30 बजे, जैसे ही वे लखौली ओवरब्रिज पर पहुंचे, उनके आगे चल रही स्वीफ्ट कार क्रमांक जेएच 01 आर 7884 को आरंग की ओर से आ रही डस्टर वाहन क्रमांक सीजी 04 केआर के चालक ने तेज गति व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बीच डिवाइडर पार कर जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद डस्टर वाहन ने पीछे आ रही बलेनो कार को भी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में सौरभ साहू की मां पूर्णिमा साहू के दाहिने पैर, सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। सौरभ साहू को किसी प्रकार की चोट नहीं आई। वहीं स्वीफ्ट वाहन में सवार तीन व्यक्तियों को भी चोटें आई हैं। दुर्घटनाकारी डस्टर वाहन में बैठे लोगों को भी चोट लगने की सूचना है।सभी घायलों को परिजनों द्वारा इलाज हेतु रायपुर ले जाया गया, जबकि पूर्णिमा साहू को महासमुन्द स्थित अकालपुरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। इस दुर्घटना में तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। आरंग पुलिस ने डस्टर वाहन क्रमांक सीजी 04 केआर 3377 के चालक के विरुद्ध धारा 125(ए)-बीएनएस एवं 281-बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## पीएम विद्यालय में मोदी की परीक्षा पे चर्चा सुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



पीएम श्री उत्कृष्ट विद्यालय अभनपुर में परीक्षा पे चर्चा 2026 का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक संदेशों का सजीव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने देशभर के विद्यार्थियो को आगामी परीक्षा हेतु समय प्रबंधन,बिना तनाव सभी विषयो की तैयारी करने तथा प्राथमिकता के क्रम मे कार्यो को करने जैसे अनेक उपाय दिये। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू ने समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण व तनावमुक्त अध्ययन पर मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य डॉ. तारा त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत परिणाम हेतु प्रेरित किया। नाजिमा एजाज़ ने सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हेमन्त कुमार साहू ने किया। इस दौरान सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश साहू, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राकेश कुमार साहू, व्याख्याता ओमेश्वरी साहू, सुमेख पटेल, रेणु सिन्हा, मनीषा देबनाथ, सुखदेव राम साहू, इंदुदेवी मांडे, हरिकृष्ण भोगल, लोकेश्वर साहू, शशि बर्मन, शकुन्तला देवी, हेमांसी साहू, स्वाति वैष्णव, अविचल सिन्हा, मोनिका कुर्रे, लोकू राम तारक, भागवत साहू, दीपिका, दिनेश पटेल सहित सैक ड़ो संख्या मे विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## कुरूद महानदी घाट पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, शिनाख्ती में जुटी पुलिस

**आरंग।** थाना आरंग क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरूद के महानदी घाट पर बुधवार को एक अज्ञात पुरुष का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 फरवरी 2026 को सूचना मिली कि महानदी के पानी में एक व्यक्ति का शव उफला हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तस्दीक करने पर नदी में एक मृत अज्ञात पुरुष का शव पाया गया। मृतक की उम्र लगभग 40 से 50 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव पर लाल कत्था रंग की टी-शर्ट एवं काले रंग की पैंट पहनना पाया गया। पुलिस द्वारा मर्ग पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। थाना आरंग पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्ती के लिए आसपास के थानों में सूचना प्रसारित कर वारिसानों की तलाश की जा रही है। फिलहाल मृत्यु के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।



## हौसलों से भरें उड़ान व अपनी जड़ों से जुड़कर छुएं आसमान

**धरसीवां।** धरसीवां विधानसभा अंतर्गत ग्राम गुमा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'वार्षिक उत्सव 2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा उपस्थित रहे। /"सांस्कृतिक एकता और आधुनिक शिक्षा/" की थीम पर आधारित इस समारोह में विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति और आधुनिक कला का बेहतरीन संगम प्रस्तुत किया।

■ गुमा विद्यालय के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक अनुज शर्मा और मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने प्रेरक उद्बोधन दिया, उन्होंने कहा, /"विद्यार्थी जीवन एक कच्ची मिट्टी की तरह है, जिसे शिक्षक और स्कूल गढ़ने का काम करते हैं।/" उन्होंने छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि वे स्वयं को किसी से कम न समझें, क्योंकि आसमान छूने वाले अक्सर जमीन से ही उठते हैं। उन्होंने जोर दिया कि शिक्षा का असली उद्देश्य केवल अंक लाना नहीं, बल्कि एक बेहतर इंसान बनना है।



### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन से हुआ। इसके पश्चात छात्रों ने पंथी और करमा जैसे लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी। विधायक ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के मेधावी छात्रों, खेल विजेताओं और अनुशासित विद्यार्थियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति, जनप्रतिनिधि, शिक्षक और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

## गुरु खुशवंत साहेब के प्रयासों से आरंग में विकास को मिली नई गति



**आरंग।** विधानसभा क्षेत्र आरंग में सड़क, सुगम परिवहन, पुल-पुलिया, भवन एवं रोड निर्माण जैसे बुनियादी विकास कार्य निरंतर गति पकड़ रहे हैं। इसी क्रम में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के नेतृत्व में क्षेत्र के धर्म, संस्कृति, सभ्यता एवं आस्था के केंद्रों को सहेजने और सशक्त करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। छत्तीसगढ़ शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंतर्गत आरंग विधानसभा क्षेत्र में स्थित विभिन्न मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं धर्मशाला निर्माण हेतु कुल 55 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति क्षेत्र के प्रति गुरु खुशवंत साहेब जी की संवेदनशील सोच और उनके सतत प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम मानी जा रही है।स्वीकृत राशि के अंतर्गत आरंग क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में स्थित शिव मंदिर, गणेश मंदिर, शीतला मंदिर, सतनामी पारा, बाबा गुरु घासीदास मेला स्थल सहित अन्य धार्मिक स्थलों में जीर्णोद्धार एवं धर्मशाला निर्माण कार्य किए जाएंगे। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी तथा क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर माननीय मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि आरंग में विकास की दिशा केवल सड़क, पुल, भवन और रोड तक सीमित नहीं है। हमारी सरकार का उद्देश्य है कि धर्म, संस्कृति, सभ्यता और आस्था के केंद्रों को भी समान रूप से सशक्त किया जाए, क्योंकि यही हमारी पहचान और सामाजिक एकता की नींव हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत कार्य समयबद्ध, पारदर्शी एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। इस निर्णय से आरंग क्षेत्र के नागरिकों एवं श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण है और क्षेत्र में सर्वांगीण विकास की अवधारणा को नई मजबूती मिली है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को बधाई दी गई।

## टेकारी सोसायटी के 17 किसानों को पात्रता के बाद भी टोकन नहीं मिलने से धान नहीं बिका

**आरंग।** किसानों की मांग व आक्रोश के मद्देनजर समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए दो दिन की अवधि बढ़ाये जाने के बाद भी टेकारी सोसायटी के कथित पात्र 17 किसानों को इस बढ़ाये गये अवधि में भी टोकन जारी नहीं हुआ जिसकी वजह से वे सोसायटी में धान बेचने से वंचित रह गये। जिससे इन किसानों में आक्रोश व्याप्त है और वे मजबूरन सस्ते मे कोचियों को धान बेचने मजबूर हो गये हैं। मंदिर हसौद सहकारी बैंक शाखा के अधीन आता है सोसायटी व धान खरीदी केंद्र टेकारी। यहां 3 ग्रामों टेकारी, कुंडा व खम्हरिया के किसान धान बेचते हैं। शासन ने पहले धान खरीदी हेतु अंतिम तिथि 31 जनवरी तय की थी पर किसानों के धान पूर्ण रुप से नहीं बिक पाने की शिकायत व किसानों की मांग तथा आक्रोश के मद्देनजर शासन ने 5 व 6 फरवरी को भी किसानों का धान खरीदी करने का आदेश जारी किया था। किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने बतलाया कि इस सोसायटी के अधीनस्थ टेकारी ग्राम के 13 व कुंडा तथा खम्हरिया के 2- 2 किसानों को पात्रता के बाद भी इस बढ़ाये गये अवधि में भी टोकन जारी नहीं किया गया।

## राजिम कल्प कुंभ में मोहक प्रस्तुति ...



**अभनपुर।** राजिम कल्प कुंभ महोत्सव के चतुर्थ दिवस लीना लोक नृत्य दल अभनपुर ने मनमोहक प्रस्तुति दी। देवी जोहार–जोहार और मुड़े बर पीनिया ले देबे संगी मोर गीतो पर कलाकारो ने नृत्य ने दर्शको को झूमने पर मजबूर कर दिया। आकर्षण वेशभूषा और सटीक मेकअप ने प्रस्तुति को और प्रभावशाली बनाया,आयोजन समिति व मुख्य उद्घोषक निरंजन साहू ने कलाकारो की सराहना करते उनका उत्साहवर्धन किया।

## मनरेगा बचाओ के तहत कांग्रेस ने किया पंचायतों में जनसंपर्क

**कूंरा।** सिलयारी मंडल अंतर्गत ग्राम रैता और कुकेरा में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पंचायत जनसंपर्क अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान मनरेगा मजदूरों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं, मजदूरी भुगतान, काम की कमी एवं अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा मजदूरों को उनके हक़ के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मनरेगा मजदूरों की पीड़ा को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि मनरेगा को कमजोर करने वाली नीतियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। भाजपा सरकार द्वारा लगातार मनरेगा को कमजोर करने, मजदूरों का काम रोकने और समय पर भुगतान न करने की नीतियों की कड़ी निंदा की गई। भाजपा सरकार गरीब, किसान और मजदूर विरोधी मानसिकता के साथ काम कर रही है, जिसे कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। मनरेगा बचाओ संग्राम के माध्यम से भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनआंदोलन को और तेज़ किया जाएगा।

## पेज 3 के शेष

### उच्च शिक्षा को प्राध्यापकों .....

लगाए हुए थे कि उन्हें 2025 अंत तक नियुक्ति मिल जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। साक्षात्कार और अंतिम चयन में अभी भी देर हो रही है। चयन प्रक्रिया में विलंब के अतिरिक्त एक अन्य समस्या उच्च शिक्षा के सामने आ खड़ी हुई है।

### ऑटो नहीं आया, ई-स्कूटर ....

उपचार के लिए एमएमआई अस्पताल लेकर गए। इसके साथ ही स्कूल से पहुंचे स्टाफ तथा अन्य अंश के पोस्टमार्टम होते तक मरचूरी के बाहर रुके रहे।

### ऐसे हुआ हादसा ....

स्कूटर को ठोकर मार दी। टो-गाड़ी की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, गाड़ी रोकने जब ड्राइवर ने ब्रेक लगाया, इसके बाद टो-वाहन करीब 30 मीटर आगे जाकर रूका, तब तक अंश गाड़ी में फंसकर घिसटता रहा।

### स्कूल में चाकू ....

लेकर वीडियो बनाया, जिसे एडिट कर छात्रों ने वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। नाबालिग छात्रों की भूमिका अपराध में गौण पाए जाने पर उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के स्थान पर सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट तैयार की जा रही है। बाल कल्याण समिति की रिपोर्ट के आधार पर नाबालिग छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा स्कूल परिसर में अनुशासन एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए विद्यालय प्रबंधन से समन्वय कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं।

### माइनस 40 वाले ....

आरक्षित वर्ग के लिए जीरो परसेंटाइल यानी प्रवेश परीक्षा में माइनस 40 अंक पाने वाले, सामान्य पीडब्लूबीडी (दिव्यांग) के लिए पांच परसेंटाइल यानी 90 तथा सामान्य वर्ग के लिए सात परसेंटाइल यानी 103 अंक वालों को भी प्रवेश के लिए पात्र किया गया है। कटऑफ में की गई कटौती के बाद शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में खाली 75 सीटें एवं प्रायवेट की 155 रिक्त सीटों पर एडमिशन पूरा होने की आशा है।

**नर्सिंग से कम परसेंटाइल**

बीएससी नर्सिंग की खाली सीटों पर एडमिशन के लिए शासन द्वारा कटऑफ को कम कर 10 परसेंटाइल किया गया था जबकि चिकित्सा विशेषज्ञ की पढ़ाई के लिए न्यूनतम अंक राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा उससे भी कम किया गया है। न्यूनतम अंक की गई गिरावट के खिलाफ कुछ चिकित्सक संगठनों द्वारा न्यायालय की शरण भी ली गई है। कट ऑफ को जीरो किए जाने पर वरिष्ठ डाक्टरों द्वारा चिकित्सा शिक्षा के स्तर में गिरावट आने की आशंका जताई गई है।

### :: आम सूचना ::

ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग स्थित मकान के संबंध

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता श्रीमती दशोदा साहू पति श्री दुर्गेश साहू, निवासी कुसमुंद समोदा, आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) ने 1. श्री बिथीन बिश्वास 2. अशोक कुमार बिश्वास 3. अमर कुमार बिश्वास, तीनो पिता श्री बी. एल. विश्वास सभी निवासी-नियर महादेव मंदिर तेलीबांधा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. वाले की स्वामित्व एवं आधिपत्य का मकान जिसका खसरा नं. 189/1 का भाग, भूखण्ड क्रं. 6004 रकबा 1980 वर्गफुट भूमि जिसके भूतल पर 980 वर्गफुट में पक्का मकान निर्मित है जिसका मकान नं. RPR 344100004 है जो वाके मौजा ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. को क्रय करने का सौदा कर अग्रिम राशि अदा कर दिया गया है अब केवल विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उक्त संपत्ति के संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, बैंक, संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, बोर्ड प्राधिकरण, निगम आदि को किसी भी प्रकार की उजर, दावा, आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के अपना आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, बाद म्याद की गई आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा, तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

स्थान रायपुर दिनांक 05.02.2026

भवदीय
**छबिराम साहू अधिवक्ता**
**तहसील परिसर रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. 9009631623**

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 5186 दिनांक 02.06.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-HIG-II/789 को श्री रमेश कुमार अग्रवाल पिता स्व.श्री काशीराम अग्रवाल के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 16.10.2015 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री रमेश कुमार अग्रवाल पिता स्व. श्री काशीराम अग्रवाल, निवासी महामाया मोटर्स टिकरापारा, पुजारी पार्क के पास, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री जोनाथन मेनन पिता श्री ए.एस. मेनन, निवासी:- एम-33, मानिकपुर, कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन. ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-HIG-II/789 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
### // ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./202602114900007/अ-6/वर्ष 2025-2026
रायपुर, दिनांक 05/02/2026
ग्राम पुरैना प.ह.नं. 67

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दुर्गेश लाल पिता स्व. अनिल कुमार लाल पता विशाल नगर ओ/2 वार्ड नंबर 48 तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन-पत्र वास्ते छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 110 में निहित प्रावधानों के तहत नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुसार ग्राम पुरैना प.ह.नं. 67 रा.नि.मं. रायपुर-11 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खाता क्रमांक 805 खसरा नंबर 303/12 रकबा 0.0128 हे. याने 1375 वर्गफुट भूमि आवेदक के भूमिस्वामी हक स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है। उक्त संपत्ति को वसीयतकर्ती चारूशीला लाल पति स्व. अनिल कुमार लाल ने अपने जीवनकाल में पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 27/06/2025 को अपने पुत्र आवेदक के पक्ष में वसीयत प्रदान किया गया है। उक्त संपत्ति को वसीयतकर्ती चारूशीला पति स्व. अनिल कुमार लाल की मृत्यु दिनांक 26/12/2025 को हो चुकी है। उक्त संपत्ति को वसीयतकर्ती चारुशीला लाल पति स्व. अनिल कुमार लाल के वसीयतप्राप्तकर्ता आवेदक के नाम पर दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 27/02/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
रायपुर

### पत्र क्र./26348/न.पा.नि./जोन क्र.-10/ 2026, रायपुर, दिनांक 03/02/2026
### //इश्तिहार//

**नामंतरण प्र.क्र. 26348**
**वार्ड का नाम- 55 रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651D00773 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती TIKARAM SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती MANGAL RAM SAHU के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती NILU SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती NAGESH PARMALE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।
**श्री विवेकानंद दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन - 10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### :: आम सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार किशोर कुमार साहू, उम्र 34 वर्ष, पिता-श्री संतराम साहू, निवासी- ग्राम सेमरिया, नरदहा, तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता श्री छन्नू लाल यादव उम्र 68 वर्ष, पिता- मंगलू यादव, निवासी- ग्राम नरदहा, रायपुर तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) के हक अधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम नरदहा, प.ह.न- 80, रा.नि.म. - मंदिर हसौद, तहसील - मंदिर हसौद, जिला - रायपुर छ.ग. में स्थित है जिसका खसरा नंबर- 343, रकबा - 0.5000 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया गया है जिसके संबंध में दिनांक 06/02/2026 को एक इकरारनामा का निष्पादित किया गया है। उपरोक्त भूमि में ब्याना राशि प्रदान कर दी गई है तथा शेष राशि विक्रय पंजीयन के समय प्रदान की जानी है।

उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय व अर्धशासकीय किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति है तो इस सूचना पत्र के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज उपरोक्त पते पर लेकर आये म्याद अवधि समाप्त होने पर उजर आपत्ति प्रस्तुत ना हुई तो मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित संपत्ति को मेरा पक्षकार अपने पक्ष में विक्रय पंजीयन की कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र रहेगा। सो सूचना जाने ।

**ASHIWNI KUMAR RAO, SMT. KHUSHBOO BRAMHA**
**(ADVOCATE)**
**Office- Room no. 110, Tabel no-14, First Flour Dist & Session Court Raipur Dist.- Raipur C.G**
**Mob. No. - 7489234931**







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## नेशनल टैगोर फैलोशिप, छग से पहले अध्येता बने अशोक

रायपुर। वरिष्ठ संस्कृति एवं संग्रहालय विशेषज्ञ अशोक तिवारी को भारत



सरकार की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय टैगोर शोधवृत्ति के लिए चयनित किया गया है। उन्हें यह शोधवृत्ति छत्तीसगढ़ की लोक एवं जनजातीय चित्रकला और मूर्तिकला पर गहन अध्ययन के लिए दी जा रही है। उनके शोध का विषय है सेक्रेड एंड डेकोरेटिव पॉइंटेड एंड स्कल्प्ट्ड फोक एंड ट्राइबल आर्ट ऑफ छत्तीसगढ़। फेलोशिप की अवधि दो वर्ष निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि टैगोर फेलोशिप सांस्कृतिक अनुसंधान के क्षेत्र में देश की सबसे प्रतिष्ठित शोधवृत्तियों में से एक है। अशोक तिवारी छत्तीसगढ़ से इस फेलोशिप के लिए चयनित होने वाले पहले शोधार्थी हैं। वर्तमान में वे सीवी. रमन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। राष्ट्रीय टैगोर शोधवृत्ति के लिए उनका चयन छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और अकादमिक जगत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

## निधन

### समता हलवाई

रायपुर। सत्ती बाजार निवासी स्व.



मुकुंदलाल हलवाई की छोटी पुत्री समता हलवाई (54) का 6 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे रविंद्र, फोटो जर्नलिस्ट रमन हलवाई की बड़ी बहन एवं अधिवक्ता चेतन गुप्ता की मौसी थीं।

### व्यासनारायण चौबे

रायपुर। चौबे कालोनी निवासी आरडी



तिवारी स्कूल के पूर्व प्राचार्य व्यासनारायण चौबे (95) मनियारी-बोदका वाले का 6 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे विजय चौबे एवं दीपक चौबे के पिता थे।

### अशोक कुमार पांडेय

रायपुर। रोहिणीपुरम निवासी अशोक



कुमार पांडेय (82) मोहरेंगा वाले का 5 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया वे आदित्य, प्रियंका एवं कल्पना के पिता थे।

# शहर के 6 प्रमुख मार्ग नो फ्लैक्स जोन घोषित, लगाने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के 6 प्रमुख मार्गों को नगर निगम प्रशासन ने नो फ्लैक्स जोन घोषित किया है। यानी इन मार्गों पर सड़क डिवाइडरों, विद्युत खंभों एवं सार्वजनिक जगहों पर किसी भी प्रकार के अनाधिकृत फ्लैक्स, बैनर-पोस्टर या अस्थाई विज्ञापन लगाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया है। इसके लिए इन सभी प्रमुख मार्गों पर फ्लैक्स प्रतिबंधित सूचना वाले बोर्ड भी लगाए गए हैं। इसके बाद भी अगर इन मार्गों पर फ्लैक्स, बैनर-पोस्टर या विज्ञापन लगाए जाते हैं, तो उसे तत्काल हटाने की कार्रवाई करते हुए संबंधित लोगों के विरुद्ध जुर्माना लगाया जाएगा।

## सभी प्रतिबंधित फ्लैक्स प्रमुख मार्ग पर लगाए गए सूचना बोर्ड

### एमआईसी में प्रस्ताव पारित

इन सड़कों को नो-फ्लैक्स जोन घोषित करने का प्रस्ताव मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) के समक्ष रखा गया था, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया है। एमआईसी के निर्णय के अनुसार इन सभी मार्गों के डिवाइडरों पर नो-फ्लैक्स जोन बोर्ड भी लगा दिए गए हैं, ताकि आम लोगों को इसकी जानकारी मिल सके।




### लगातार निरीक्षण कर हटाए जाएंगे अवैध बैनर-पोस्टर

नगर निगम रायपुर के सभी जोन कार्यालयों के नगर निवेश दल समय-समय पर इन प्रतिबंधित फ्लैक्स मार्गो का निरीक्षण करेंगे और सड़कों, बिजली खंभों और सार्वजनिक स्थलों से धार्मिक, राजनीतिक व अन्य संदेशों से जुड़े अवैध साइन बोर्ड, बैनर और होर्डिंग हटाने की कार्रवाई करेंगे। इस कार्रवाई के दौरान विज्ञापनकर्ता से हटाने में व्यय हुई राशि की वसूली भी की जाएगी।

### इन मार्गों पर लगाया गया प्रतिबंध

जीई रोड टाटीबंध चौक से जयस्तभ चौक होते हुए तेलीबांधा थाना मुख्य मार्ग, पचपेड़ीनाका चौक से लालपुर ओव्हर ब्रिज तक, भगत सिंह चौक से छत्तीसगढ़ क्लब होते हुए केनाल रोड सिग्नल तक एवं मुख्यमंत्री निवास सिविल लाइन के आसपास, एनआईटी रायपुर से गोल चौक होते हुए रायपुरा चौक तक, जयस्तम्भ चौक से कोतवाली चौक होते हुए बिजली ऑफिस चौक तक तथा महिला थाना चौक से बूढ़ेश्वर मंदिर चौक तक मार्ग शामिल है। इन सभी मार्ग को नो फ्लैक्स जोन घोषित किया है।

# एम्स में घूमने वाला 'शौकिया' डाक्टर पहुंचा हवालात

## जांच के लिए मरीजों को करता था रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एम्स में रेडियोडायग्नोसिस विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर का आई कार्ड और एप्रन पहनकर मरीजों के बीच घूमने वाला शौकिया डाक्टर निकला। बालोद का रहने वाला दुर्जन सिंह गोयल ग्रेजुएट है और अपना शौक पूरा करने एम्स में घूमकर मरीजों को जांच के लिए प्राइवेट हास्पिटल रेफर कर रहा था। प्रबंधन की शिकायत पर आमानाका थाने की पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद मुचलके पर रिहा कर दिया है। उसके पास मिली आईडी को जांच में शामिल किया गया है।

- **रेडियोडायग्नोसिस विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर की आईडी मिली, पुलिस कर रही जांच**

एम्स के सुरक्षा गार्डों ने रेडियोडायग्नोसिस विभाग के पास संदिग्ध हालत में पकड़ा। बोलचाल और हुलिए से ग्रामीण सा नजर आने वाले इस युवक के पास असिस्टेंट प्रोफेसर का परिचय पत्र था और वह डाक्टरों की तरह एप्रन भी पहने हुए था। संदेह होने पर सुरक्षा गार्डों ने थोड़ी सख्ती दिखाई, तो वह खुद को विभाग का टेक्निशियन बताने लगा। तब तक विभाग के चिकित्सकीय स्टाफ वहां पहुंच गए और उन्होंने संदेही के कर्मचारी होने से इनकार कर दिया। मामला आमानाका थाने पहुंचा और पुलिस ने एम्स प्रबंधन की शिकायत पर आरोपी दुर्जन गोयल को बीएनएस की धारा 205 के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी बालोद का






रहने वाला है ग्रेजुएशन कर चुका है। वह डाक्टर बनना चाहता था, मगर ऐसा नहीं हुआ। इस पर अपना शौक पूरा करने एप्रन खरीदकर और असिस्टेंट प्रोफेसर की आईडी बनवाकर पिछले तीन-चार दिनों से एम्स आकर बैठने लगा था। इधर एम्स प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि आरोपी मरीजों को जांच के लिए प्राइवेट संस्थान जाने की सलाह दे रहा था और उनकी ओपीडी पर्ची में रेफर लिखता था। इस मामले में एक युवती के शामिल होने का भी जिक्र आया है, मगर पुलिस अफसरों द्वारा इससे इनकार किया गया है।

### डाक्टर से मारपीट एफआईआर की तैयारी

एम्स सूत्रों के मुताबिक पिछले दिनों एम्स के एक सीनियर डाक्टर से आउटसोर्सिंग के कर्मचारी द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। सूत्रों का कहना आरोपी अपने रिश्तेदार को लेकर जांच के लिए आया था, मगर उसे काफी देर तक डाक्टर का इंतजार करना पड़ा, जिससे उसका गुस्सा भड़क गया। बहस करने के बाद उसने डाक्टर को आठ दस थप्पड़ जड़ दिए। मारपीट का मामला काफी गरमाया हुआ है और इस मामले में प्रबंधन की ओर पुलिस में एफआईआर कराने की तैयारी है।

### मुचलके पर छोड़ा गया

आरोपी से पूछताछ के बाद उसे मुचलके पर रिहा किया गया है। वेशभूषा और बोलचाल से ग्रामीण नजर आने वाला शख्स डाक्टर बनने का शौक पूरा करने एम्स पहुंचा था। मरीजों के रेफर करने की बाते सामने नहीं आई है, उससे मिले आई कार्ड के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है।

*- सुधांशु बघेल, थाना प्रभारी आमानाका*

### झांसे में ना आएं, संदेह होने पर पूछताछ करें

इस मामले में एम्स प्रबंधन का तर्क है कि यह एक प्रमुख टर्सरी हेल्थकेयर एवं शैक्षणिक संस्थान है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज एवं उनके परिजन उपचार के लिए आते हैं। इस स्थिति का अनुचित लाभ उठाते हुए कुछ असामाजिक तत्व स्वयं को एम्स के चिकित्सक अथवा विशेषज्ञ बताकर आम जनता को भ्रमित करने एवं शोषण करने का प्रयास करते हैं। कार्यपालक निदेशक जनरल अशोक जिंदल ने कहा है कि है कि वे सतर्क रहें तथा एम्स रायपुर से संबद्ध बताने वाले किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की पहचान का सत्यापन अवश्य करें।

## डीएस प्रणाली फेल, गरीब चावल लेने से वंचित : उधो

रायपुर। पूरे देश में कांग्रेस की सरकार ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम लाकर भोजन का अधिकार दिया, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार इसकी भी



धज्जियां उड़ा रही है। रायपुर राजधानी की मुख्यालय धरसींवा में इसकी बानगी देखी जा सकती है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि गरीब, मजदूर, जरूरतमंद लोगों को तुरंत चावल उपलब्ध कराया जाए। श्री वर्मा ने कहा कि कांग्रेस की मनमोहन सिंह की सरकार ने गरीब, मजदूर तथा कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे के उद्देश्य से भोजन का अधिकार कानून बनाया, जिसके अंतर्गत नाममात्र के शुल्क पर चावल उपलब्ध कराने का खाद्य सुरक्षा अधिनियम लाया। लगातार इसके फायदे भी पूरे देश के जरूरतमंद लोगों सहित सभी लोगों को चावल उपलब्ध कराने सरकार प्रतिबद्ध रही, लेकिन भाजपा की गूंगी-बहरी सरकार कानून को भी नहीं मानती। इसके तहत राजधानी रायपुर की ब्लॉक मुख्यालय धरसींवा में लगभग 59 गांवों में आज तक चावल का भंडारण नहीं हुआ है। चावल भंडारण नहीं होने से वितरण नहीं हो पाया है और हितग्राही अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित हो रहे हैं। केंद्र सरकार दो महीने का चावल एक साथ देने की बात कर दी, लेकिन ई-पॉस मशीन अपडेट नहीं हुई हैं, जिसके चलते चाहकर भी वितरण नहीं कर पाएंगे। चावल भंडारण नहीं होने से 2 महीने का चावल का आदेश भी धरा का धरा रह गया है।

## जनजातीय संग्रहालय फेस-2 का निर्माण जल्द होगा शुरू

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय फेस-2 निर्माण के लिए जल्द ही कार्य प्रक्रिया शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही कन्वेंशन सेंटर का भी निर्माण किया जाएगा। आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान स्थित सभाकक्ष में आर्किटेक्ट, इंजीनियर्स, आर्टिस्ट एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष 1 नवंबर को राज्योत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का शुभारंभ किया था। इसके पहले जनजातीय जीवन शैली एवं परम्पराओं पर आधारित संग्रहालय का उद्घाटन मई 2025 में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया था। इन संग्रहालयों की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता के बाद अब शहीद वीरनारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय फेस-2 का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा।

## नहरों के विस्तार के लिए 5.33 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा गरियाबंद लिले की दो सिंचाई योजनाओं की नहरों के विस्तारीकरण कार्य के लिए 5 करोड़ 33 लाख 09 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। स्वीकृत कार्यों में विकासखण्ड-गरियाबंद की सिकासार से कोडार लिंक परियोजना से झलप तक नहर विस्तारीकरण का सर्वेक्षण कार्य हेतु 2 करोड़ 87 लाख 51 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

## बिजनेस साइट

### ऑटो एक्सपो में रिकॉर्डतोड़ बिक्री, टीम राडा ने राज्य सरकार को दिया धन्यवाद



रायपुर। राजधानी रायपुर के श्रीराम बिजनेस पार्क में आयोजित राडा ऑटो एक्सपो-2026 ने बिक्री के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। मध्यभारत के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल मेले में कुल 57,435 वाहनों की बिक्री हुई, जिससे 3 हजार करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार दर्ज किया गया। इस बिक्री से राज्य सरकार को करोड़ों रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। आंकड़ों के अनुसार एक्सपो में 34,881 दोपहिया, 16,502 कारें तथा बस, ट्रक, ऑटो और अन्य व्यावसायिक वाहनों सहित 6,052 अन्य वाहन बिके। यह बिक्री पिछले ऑटो एक्सपो की तुलना में 28,435 वाहन अधिक रही। इस बार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आजीवन रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट दिए जाने से ग्राहकों में भारी उत्साह देखा गया। राडा पदाधिकारियों ने बताया कि एक्सपो में ईवी दोपहिया वाहनों की भी अच्छी मांग रही। साथ ही यातायात सुरक्षा अंशदान के रूप में 10 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सरकार के खाते में गई। रिकॉर्डतोड़ सफलता पर राडा ने मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री और परिवहन मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

## वाट्सएप नंबर पर भी अब बिजली बिल भेजा जाएगा

रायपुर। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को अब उनके वाट्सएप नंबर पर बिल भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं ऊर्जा सचिव व डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव के निर्देशन में पॉवर कंपनी उपभोक्ताओं की सुविधाओं में लगातार वृद्धि कर रही है। इसी कड़ी में सुविधा शुरू कर दी गई है। प्रदेश में 65 लाख उपभोक्ता हैं, जिसमें से 40 लाख उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर कंपनी में रजिस्टर्ड हैं। उनमें से 30 लाख उपभोक्ता वाट्सएप उपयोग कर रहे हैं। उपभोक्ताओं को रीडिंग दर्ज होने के बाद वाट्सएप पर मैसेज पहुंच जाएगा।

### उच्च शिक्षा को प्राध्यापकों ...

लगाए हुए थे कि उन्हें 2025 अंत तक नियुक्ति मिल जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। साक्षात्कार और अंतिम चयन में अभी भी देर हो रही है। चयन प्रक्रिया में विलंब के अतिरिक्त एक अन्य समस्या उच्च शिक्षा के सामने आ खड़ी हुई है।

### ऑटो नहीं आया ...

उपचार के लिए एमएमआई अस्पताल लेकर गए। इसके साथ ही स्कूल से पहुंचे स्टाफ तथा अन्य अंश के पोस्टमार्टम होते तक मरचूरी के बाहर रुके रहे।

### ऐसे हुआ हादसा ...

स्कूटर को ठोकर मार दी। टो-गाड़ी की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, गाड़ी रोकने जब ड्राइवर ने ब्रेक लगाया, इसके बाद टो-वाहन करीब 30 मीटर आगे जाकर रूका, तब तक अंश गाड़ी में फंसकर घिसटता रहा।

### स्कूल में चाकू ...

लेकर वीडियो बनाया, जिसे एडिट कर छात्रों ने वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

## पेज 3 के शेष ...

नाबालिग छात्रों की भूमिका अपराध में गौण पाए जाने पर उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के स्थान पर सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट तैयार की जा रही है। बाल कल्याण समिति की रिपोर्ट के आधार पर नाबालिग छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा स्कूल परिसर में अनुशासन एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए विद्यालय प्रबंधन से समन्वय कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं।

### माइनस 40 वाले ...

आरक्षित वर्ग के लिए जीरो परसेंटाइल यानी प्रवेश परीक्षा में माइनस 40 अंक पाने वाले, सामान्य पीडब्लूबीडी (दिव्यांग) के लिए पांच परसेंटाइल यानी 90 तथा सामान्य वर्ग के लिए सात परसेंटाइल यानी 103 अंक वालों को भी प्रवेश के लिए पात्र किया गया है। कटऑफ में की गई कटौती के बाद शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में खाली 75 सीटें एवं प्रायवेट की 155 रिक्त सीटों पर एडमिशन पूरा होने की आशा है।

**नर्सिंग से कम परसेंटाइल:** बीएससी नर्सिंग की खाली सीटों पर एडमिशन के लिए शासन द्वारा कटऑफ को कम कर 10 परसेंटाइल किया गया था जबकि चिकित्सा विशेषज्ञ की पढ़ाई के लिए न्यूनतम अंक राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा उससे भी कम किया गया है। न्यूनतम अंक की गई गिरावट के खिलाफ कुछ चिकित्सक संगठनों द्वारा न्यायालय की शरण भी ली गई है।

कट ऑफ को जीरो किए जाने पर वरिष्ठ डाक्टरों द्वारा चिकित्सा शिक्षा के स्तर में गिरावट आने की आशंका जताई गई है।

### मेंटेनेंस के लिए ...

का काम करना संभव नहीं है, क्योंकि परीक्षाओं का समय है। ऐसे में इस बार मार्च से लेकर अप्रैल तक मेंनेटेंस का काम किया जाएगा।

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 5186 दिनांक 02.06.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-HIG-II/789 को श्री रमेश कुमार अग्रवाल पिता स्व.श्री काशीराम अग्रवाल के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 16.10.2015 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री रमेश कुमार अग्रवाल पिता स्व. श्री काशीराम अग्रवाल, निवासी महामाया मोटर्स टिकरापारा, पुजारी पार्क के पास, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री जोनाथन मेनन पिता श्री ए.एस. मेनन, निवासीः- एम-33, मानिकपुर, कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन. ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-HIG-II/789 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./202602114900007/अ-6/वर्ष 2025-2026
रायपुर, दिनांक 05/02/2026
ग्राम पुरैना प.ह.नं. 67

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दुर्गेश लाल पिता स्व. अनिल कुमार लाल पता विशाल नगर ओ/2 वार्ड नंबर 48 तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन-पत्र वास्ते छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 110 में निहित प्रावधानों के तहत नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुसार ग्राम पुरैना प.ह.नं. 67 रा.नि.मं. रायपुर-11 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खाता क्रमांक 805 खसरा नंबर 303/12 रकबा 0.0128 हे. याने 1375 वर्गफुट भूमि आवेदक के भूमिस्वामी हक स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है। उक्त संपत्ति को वसीयतकर्ती चारूशीला लाल पति स्व. अनिल कुमार लाल ने अपने जीवनकाल में पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 27/06/2025 को अपने पुत्र आवेदक के पक्ष में वसीयत प्रदान किया गया है। उक्त संपत्ति को वसीयतकर्ती चारूशीला पति स्व. अनिल कुमार लाल की मृत्यु दिनांक 26/12/2025 को हो चुकी है। उक्त संपत्ति को वसीयतकर्ती चारुशीला लाल पति स्व. अनिल कुमार लाल के वसीयतप्राप्तकर्ता आवेदक के नाम पर दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 27/02/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

### पत्र क्र./26348/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026, रायपुर, दिनांक 03/02/2026

**//इश्तिहार//**

**नामंतरण प्र.क्र. 26348**
**वार्ड का नाम- 55 रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651D00773 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती TIKARAM SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती MANGAL RAM SAHU के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती NILU SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती NAGESH PARMALE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।
श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन - 10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### :: आम सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार किशोर कुमार साहू, उम्र 34 वर्ष, पिता-श्री संतराम साहू, निवासी- ग्राम सेमरिया, नरदहा, तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता श्री छन्नू लाल यादव उम्र 68 वर्ष, पिता- मंगलू यादव, निवासी- ग्राम नरदहा, रायपुर तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) के हक अधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम नरदहा, प.ह.न- 80, रा.नि.म. - मंदिर हसौद, तहसील - मंदिर हसौद, जिला - रायपुर छ.ग. में स्थित है जिसका खसरा नंबर- 343, रकबा - 0.5000 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया गया है जिसके संबंध में दिनांक 06/02/2026 को एक इकरारनामा का निष्पादित किया गया है। उपरोक्त भूमि में ब्याना राशि प्रदान कर दी गई है तथा शेष राशि विक्रय पंजीयन के समय प्रदान की जानी है।

उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय व अर्धशासकीय किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति है तो इस सूचना पत्र के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज उपरोक्त पते पर लेकर आये म्याद अवधि समाप्त होने पर उजर आपत्ति प्रस्तुत ना हुई तो मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित संपत्ति को मेरा पक्षकार अपने पक्ष में विक्रय पंजीयन की कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र रहेगा। सो सूचना जाने ।

ASHIWNI KUMAR RAO, SMT. KHUSHBOO BRAMHA (ADVOCATE)
Office- Room no. 110, Tabel no-14, First Flour Dist & Session Court Raipur Dist.- Raipur C.G
Mob. No. - 7489234931

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

उज्जवल इंटरप्राइजेस प्लाईवुड एंड इंटीरियर
मॉड्यूलर किचन
डोर एवं चौखट
asianpaints
हार्डवेयर टिम्बर
पता: स्टार नर्सरी के सामने, पुराना धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.), मो.: 7415799000

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
आकाश जैन - 98261-64650,
रतन जैन - 98271-29211
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
Mango बिना आवाज कूलर 7 स्पीड BLDC
डक्टिंग कूलर, हॉल, वर्कशॉप, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार के लिये

# गंभीर मरीजों के लिए 23 जिलों में क्रिटिकल केयर, सभी जिला अस्पतालों में बनेगा इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब

## मेडिकल कालेजों में होगी व्यापक भर्ती, शुरुआत इसी सत्र से, तैयार होंगे ज्यादा डाक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

गंभीर स्थिति वाले मरीजों को इलाज के लिए दूर जिला अथवा मेडिकल कालेज नहीं जाना पड़ेगा। उनके त्वरित इलाज के लिए 23 जिलों आने वाले दिनों में क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स की स्थापना की जाएगी। पैथालॉजी से संबंधित समस्त तरह की जांच के लिए सभी जिला अस्पताल में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब बनाए जाएंगे।

मेडिकल कालेजों में एनएमसी के मापदंड के अनुरूप भर्तियां होंगी और नए कालेजों की शुरुआत से प्रदेश में ज्यादा संख्या में डाक्टर तैयार किए जा सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पिछले दो साल में राज्य में हुए स्वास्थ्य योजनाओं के विस्तार के साथ आने वाले दिनों के लिए बनाई गई कार्य योजना पर पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अक्सर गंभीर मरीजों के अस्पताल पहुंचाने में लगने वाला वक्त उनकी स्थिति को नाजुक बना देता है।आने वाले दिनों में 23 जिलों में क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक्स बनाए जाएंगे। यहां मौजूद दक्ष स्टाफ गंभीर मरीजों को त्वरित इलाज की सुविधा देगा जिससे रोड एक्सीडेंट सहित अन्य मामलों होने वाली मृत्युदर में कमी आएगी। इन क्रिटिकल केयर में विषय विशेषज्ञ डाक्टरों के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को तैनात किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा किसी बीमारी का पता लगाने पैथोलॉजी जांच महत्वपूर्ण होता है। लोगों



को इसकी सुविधा निशुल्क मिल सके इसके लिए हर जिला अस्पतालों में आईपीएचएल की स्थापना की जाएगी। जिला अस्पतालों में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों से सैंपल लाकर भी मरीजों को जांच की सुविधा प्रदान की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण के दौरान यहां एकमात्र मेडिकल कालेज था जिसकी संख्या शासकीय और निजी मिलाकर 15 हो चुकी है आने वाले दिनों में पांच नए मेडिकल कालेज खोलने से चिकित्सा शिक्षा और सुलभ होगी और प्रदेश को ज्यादा से ज्यादा डाक्टर मिल पाएंगे। खुलने वाले नए कालेजों के साथ पुरानों में भी एनएमसी के मापदंडों के अनुरूप भर्ती की जाएगी। खुलने वाले फिजियोथैरेपी और नर्सिंग कालेज भी चिकित्सा शिक्षा के विस्तार में सहायक होंगे।

### खत्म होगी निर्भरता

लोगों को गुणवत्ता पूर्ण खाद्य पदार्थ और दवाई उपलब्ध कराने लगातार जांच की जा रही है। आने वाले दिनों में उनकी जांच के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भरता खत्म होगी। राज्य में अतिआधुनिक प्रयोगशाला बनाने का काम भी जोरों पर है। यहां दवाईयों से लेकर खाद्य पदार्थ से संबंधित तमाम तरह की जांच हो पाएगी। इसके लिए 96.68 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन को मजबूत करने के लिए 185 पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी।

### घट गई मलेरिया की पाजिटिविटी दर

राज्य में मलेरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए चरणबद्ध अभियान के असर से मच्छर जनित रोग की पाजिटिविटी दर 4.6 प्रतिशत से घटकर 0.59 फीसदी होगी। इसी तरह 12 लाख टीबी मरीजों के उपचार के साथ 4106 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया। सिकलसेल अभियान के तहत 1.68 करोड़ की स्क्रीनिंग की गई जिसमें से 27396 मरीजों का चिन्हाकंन किया गया। इसी तरह प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आदिवासी क्षेत्रों में 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरुआत की गई।

## खबर संक्षेप



### पुलिस कमिश्नर से मानवाधिकार न्याय सुरक्षा संगठन ने की मुलाकात

**रायपुर।** मानवाधिकार न्याय सुरक्षा संगठन की महिला प्रदेश अध्यक्ष पूनम पांडेय ने टीम के साथ रायपुर के प्रथम पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला से सौजन्य मुलाकात की, जिसका उद्देश्य परिचय स्थापित करना, प्रशासनिक सहयोग के साथ मानवाधिकारी न्याय सुरक्षा संगठन के टीम द्वारा तमाम मानवाधिकार के तमाम मुद्दों पर ध्यान आकर्षण कराने के साथ सहयोग प्रदान करने की बात कही गई।उन्होंने संगठन की तरफ से मोमेंटो और शॉल देकर पुलिस आयुक्त का सम्मान किया। साथ ही सामाजिक मुद्दों पर समाज की बेहतरी के लिए टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान रायपुर जिला अध्यक्ष समीक्षा त्रिपाठी, पुरुष विंग जिला अध्यक्ष सुशील बारोलिया, प्रदेश महासचिव जयश्री बारोलिया, प्रदेश महासचिव सोना इंगोले, प्रदेश महासचिव ममता इंगोले आदि मौजूद रहे।

### कथावाचक युवराज पांडे को पुलिस सुरक्षा देने की मांग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कथावाचक अमलीपदर जिला-गरियाबंद निवासी आचार्य पं. युवराज पांडे को छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने पुलिस सुरक्षा देने की मांग करते हुए पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के अनुसार, अब तक कथावाचक पर 7 बार हमला हो चुका है। बीते माह गरियाबंद के पास उनके वाहन को सड़क पर दूसरे वाहन ने क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिसमें वे बाल बाल बचे। कुछ दिनों पूर्व रायपुर के निकट शिवपुराण कथा का विशाल आयोजन किया गया था, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए थे। इस दौरान भी पुलिस सुरक्षा का शुरुआत में कोई इंतजाम था, बाद में जो पुलिस बल तैनात किया गया, जो नाकाफी था। ज्ञापन सौंपने छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के संरक्षक ललित बघेल, महामंत्री यशवंत वर्मा , जेसीपी महासचिव भूषण साहू, सचिव देवेंद्र नेताम आदि मौजूद रहे।

## सूखत बढ़ती देख धान में पानी मिलाया, सोसाइटी प्रबंधक निलंबित

# उपार्जन केंद्रों में 78 लाख मीट्रिक टन धान, गर्मी से बढ़ा सूखत का खतरा, एक कट्टे में 400-500 ग्राम की कमी

### सोसाइटियों में धान का ढेर बढ़ा, गर्मी से सूखत का खतरा भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की दो दिनों की विस्तारित अवधि समाप्त होने के बाद अब सोसाइटियों के उपार्जन केंद्रों में 78 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान जमा है। इस बीच गरमी बढ़ने से धान में सूखत का मात्रा बढ़ने लगी है। सोसाइटी प्रबंधकों का दावा है कि 40 किलो वजन वाले एक कट्टा धान में 400 से 500 ग्राम तक सूखत आ रही है, यानी गरमी से धान सूखने पर वजन कम हो रहा है।

#### ये है मामला

राज्य में खरीफ सीजन 2025- 26 के लिए 15 नवंबर से धान खरीदी की जा रही है। यह खरीदी नियमित रुप से 31 जनवरी तक चली. इसके बाद दो दिनों के लिए और खरीदी बढ़ाई गई। इधर उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव या परिवहन न होने से जमा धान की मात्रा बढ़ती ही गई। अब दो दिनों की विस्तारित धान खरीदी की अवधि समाप्त होने के बाद उपार्जन केंद्रों में 6 फरवरी शाम तक की स्थिति में जमा धान की मात्रा 78 लाख 6 हजार 214 मीट्रिक टन तक हो गई है। अंतिम आंकड़े आने के बाद यह मात्रा और भी बढ़ेगी तय है।



#### गर्मी बढ़ने के साथ बढ़ रही है सूखत

खरीदी के बाद धान को कैपकवर में उपार्जन केंद्र में ही सुरक्षित रखा जाता है, लेकिन इस धान की मौसम की गरमी से बचाना मुश्किल होता है। इस बार भी यही हो रहा है। जब धान की खरीदी की जाती है तो उसमें 17 प्रतिशत तक की नमी मान्य की जाती है। लेकिन यही नम धान गरमी की वजह से जब सूखता है तो उसका वजन काम हो जाता है।एक कट्टे में 4 से 5 सौ ग्राम की कमीअभनपुर क्षेत्र के कुछ सोसाइटी प्रबंधकों की मानें तो 40 किलो के एक कट्टे में 400 से 500 ग्राम तक धान के वजन में कमी आ रही है। इनका कहना है कि उपार्जन केंद्र में ही कट्टा तौलने पर ये कमी सामने आई है, धर्मकांटे में तौलने पर भी इसी अनुपात में कमी नजर आ रही है। सोसाइटी प्रभारियों की चिंता इस बात को लेकर है कि अगर धान के वजन में कमी हुई तो उन्हें अपनी जेब से भरपाई करनी पड़ेगा। अगर ये रकम जमा नहीं कर पाए तो उनके खिलाफ गबन के आरोप में एफआईआर हो सकती है जैसा कि पिछले सीजन में हुआ था।

#### धान में पानी मिलाने का मामला सामने आया

धान में गरमी की वजह से सूखत का मामला सामने आने के साथ ही अब ये जानकारी भी सामने आई है कि मंदिर हसौद क्षेत्र की मनरेठी सोसाइटी में धान के बोरों में पानी छिड़क कर वजन बढ़ाने की कोशिश की जा रही थी। इस दौरान किसी ने इसका वीडियो बना लिया। यह वीडियों वायरल होने के बाद सोसाइटी प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है। पानी छिड़कने वाले हमालों को काम से निकाल दिया गया है।

### अतिरिक्त दो दिनों में 1.18 लाख मीट्रिक टन की खरीदी, अब 11 हजार करोड़ के बोनस का इंतजार

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए दिए गए अतिरिक्त दो दिनों में कुल मिलाकर 1.18 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो पाई है। राज्यभर में खरीफ सीजन 2025-26 में कुल मिलाकर 141. 04 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। धान खरीदी पूरी होने के बाद अब किसानों को 31 सौ रुपए क्विंटल के हिसाब से बोनस के रूप में अंतर की राशि दी जाएगी। संभावना है कि अगले हफ्ते यह राशि जारी हो सकती है। फिलहाल किसानों को अब ये राशि मिलने का इंतजार है। राज्य में इस अतिरिक्त दो दिनों की खरीदी के बाद खरीफ सीजन 2025-26 की धान खरीदी का समापन हो गया है। प्रदेश में 15 नवंबर 2025 से धान खरीदी शुरू की गई थी। इसके लिए 31 जनवरी तक का समय दिया गया था, लेकिन कई जिलों से ये शिकायत आने के बाद कि किसान अपना धान नहीं बेच पाए हैं, राज्य शासन ने दो दिनों का अतिरिक्त समय दिया था।

- खरीफ सीजन 2025-26 में 141 लाख मीट्रिक टन की खरीदी

#### जशपुर में सबसे अधिक ने बेचा धान

राज्य में दो दिनों के अतिरिक्त समय में 6 फरवरी को अंतिम दिन कुल मिलाकर 9 हजार 609 किसानों ने अपना धान बेचा है। इनमें सबसे अधिक जशपुर जिले के किसान शामिल हैं, इनकी संख्या 1551 रही। इसके बाद के क्रम में महासमुंद में 1198 ने धान बेचा, इसके बाद कोंड़ागांव में अंतिम दिन धान बेचने वाले किसानों की संख्या 1162 रही। हालांकि राज्य के सभी 33 जिलों में किसान अंतिम दिन भी धान बेचने आए, लेकिन कई जिलों में इनकी संख्या बेहद कम रही।

#### अब बोनस का इंतजार

राज्य शासन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य के हिसाब से किसानों को अब तक करीब 33 हजार करोड़ रुपए दे दिए गए हैं। लेकिन किसानों को राज्य सरकार के वादे के मुताबिक धान की कीमत 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल मिलनी है। जानकार सूत्रों के अनुसार अब धान खरीदी पूरी होने के बाद अगले एक हफ्ते में किसानों को बोनस की राशि दी जाएगी। बताया गया है कि यह राशि करीब 11 हजार करोड़ रुपए हो सकती है। यह राशि किसानों को उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। किसानों को बोनस की राशि का इंतजार है।

## अमित शाह से कांग्रेस के 9 सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, अमित शाह के बस्तर आने पर बस्तरवासियों के मन में बार-बार सवाल उठता है कि आपकी बस्तर यात्रा बस्तर के विकास के लिए नहीं, अपने उद्योगपति मित्रों के लिए सहूलियतें ढूंढने के लिए होती हैं। बस्तर के लोग जानना चाहते हैं, क्या नक्सलवाद समाप्ति के मार्च 26 की अपनी डेडलाईन पर अभी कायम हैं या उसमें कोई बढ़ोतरी करने वाले हैं। श्री बैज ने केन्द्रीय गृहमंत्री से उन्हीं 9 सवालों का जवाब मांगा है। जो उनसे पहले भी पूछे थे- बस्तर के विकास के लिए विशेष पैकेज कब देंगे? श्री शाह गारंटी देंगे बस्तरियों के मंशा के खिलाफ अडानी या अन्य उद्योगपतियों की बस्तर में इन्ट्री नहीं होगी? एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर में क्यों नहीं आ रहा? नंदराज पहाड़ की लीज केन्द्र रद्द क्यों नहीं कर रहा? नगरनार नहीं बिकेगा इसकी गारंटी देंगे? बस्तर की तीन खदानों बैलाडीला 1 ए, 1बी, 1सी को मित्तल समूह और कांकेर की हाहालद्दी खदान रूंगटा समूह को क्यों बेची गई? मोदी सरकार ने 2006 के वन अधिकार अधिनियम में संशोधन क्यों किया? आरक्षण विधेयक कब तक लंबित रहेगा? दल्लीराजहरा जगदलपुर रेल लाइन क्यों शुरू नहीं हो रही?



## ठोकने बोले - देश में एक नागरिक-एक वोट ही एसआईआर का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने एसआईआर को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोप पर कहा, कांग्रेस नेताओं को एसआईआर पर आरोप लगाने के बजाय इस प्रक्रिया के समुचित सम्पादन में सहयोग करना चाहिए। निर्वाचन आयोग का यह अभियान मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए चल रहा है। श्री ठोकने ने कहा, एसआईआर में फार्म-7 जमा करना इस वैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा है। कांग्रेस नेता यह न भूलें कि इस देश में एक नागरिक-एक वोट ही एसआईआर प्रक्रिया का लक्ष्य है। कांग्रेस पर हर घुसपैठिए को नागरिकता देकर मतदाता बनाने का आरोप लगाते हुए श्री ठोकने ने कहा, इस देश का भाग्यविधाता इस देश का सच्चा नागरिक होगा और वही इस देश तथा राज्यों के नेतृत्व के चयन का एकमात्र अधिकारी होगा। मतदाता सूचियों में आपत्तियों को लेकर कांग्रेस के विरोध पर श्री ठोकने ने कहा, आपत्तियां दर्ज कराना और उनका समाधान करना निर्वाचन आयोग की वैधानिक प्रक्रिया है। श्री ठोकने ने कहा, मुझे और मेरी धर्मपत्नी को भी निर्वाचन आयोग ने नोटिस दिया था, जबकि इसके लिए 2003 की मतदाता सूची भी जमा कराई गई थी।



# मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम के काम नियमों से हो रहे, कांग्रेस के आरोप गलत : विजय शंकर मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर कहा, कांग्रेस बिना अध्ययन किए अनर्गल प्रलाप करने की आदी हो चुकी है और मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना जैसे पवित्र कार्यक्रम पर झूठे आरोप लगाकर प्रदेश की बहन-बेटियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। डॉ. मिश्रा ने कहा, कांग्रेस ने गुरुवार को जो प्रेस कॉन्फ्रेंस की, उसमें प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों में कोई तथ्यात्मक जानकारी नहीं थी।



कांग्रेस के नेता बिना किसी तैयारी के केवल सरकार के विरुद्ध माहौल बनाने की नाकाम कोशिश करते हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा, कांग्रेस नेताओं को अध्ययन करके ही किसी विषय पर कुछ कहना चाहिए। अध्ययन की कमी के कारण उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए झूठे दस्तावेज और बातें जल्द ही जनता के सामने बेनकाब हो जाती हैं। डॉ. मिश्रा ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के टेंडर पर उठाए जा रहे सवालों का जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि पूरे प्रदेश में 6000 युवतियों का सामूहिक विवाह होना है। जब कोई कार्यक्रम अल्प सूचना पर आयोजित किया जाता है, तो शासन के नियमानुसार सीएसआईडीसी, एनआरडीए और पीडब्ल्यूडी में जो 'एम्पैनल्ड फर्म्स' होती हैं, जिनके रेट पहले से अप्रूव्ड होते हैं, उन्हें कार्य आवंटित करने का प्रावधान है।

वर्तमान में जो भी कार्य हो रहे हैं, वह पूरी तरह विधिवत और नियमों के दायरे में हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा जो नियम आज लागू हैं, वही नियम भूपेश बघेल की सरकार के समय भी थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री सचिवालय और अन्य विभाग भी इसी प्रक्रिया के तहत कार्यक्रमों का आयोजन करते थे। यदि कांग्रेस आज इन नियमों को गलत बता रही है, तो वह सीधे तौर पर अपने ही पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के कार्यकाल पर भी प्रश्नचिह्न लगा रही है।

### कांग्रेस के खुलासे के बाद महिला बाल विकास विभाग ने काम करने की एजेंसी बदली : सुबोध हरितवाल

*प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री सुबोध हरितवाल ने बताया, कांग्रेस के खुलासे के बाद अब मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन के लिए महिला बाल विकास विभाग ने अपने निर्णय को पलटते हुए एम्पैनलड वेंडर की जगह अब पीडब्ल्यूडी को एजेंसी बनाकर प्रस्ताव भेजा है कि आगे का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग अपनी दर के आधार पर करे और महिला बाल विकास विभाग पेमेंट उन्हें करेगा, परन्तु महिला बाल विकास विभाग के निवेदन को खारिज करते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग ने पत्राचार करते हुए सीधे तौर पर कार्य करने में असमर्थता जता दी है। श्री हरितवाल ने कहा, सवाल फिर खड़ा होता है कि ये क्यों करना पड़ा, आखिर ऐसी क्या मजबूरी आ गई कि प्रक्रिया को रद्द करते हुए आनन फानन में पीडब्ल्यूडी को एजेंसी बनाने का निर्णय लिया गया, जबकि सिर्फ 4 दिन बाकी है कार्यक्रम में। श्री हरितवाल ने कहा, इस पूरे प्रकरण से ये साफ तौर पर स्थापित होता है कि महिला बाल विकास विभाग कहीं न कहीं भ्रष्टाचार में लिप्त है और अब लीपापोती की तैयारी में लगा हुआ है परंतु दूसरे विभाग इनके कृत्य में शामिल होने से साफ बचते हुए नजर आ रहे हैं।*



# बेशकीमती शासकीय भूमि-नाला पर कब्जा किसने किया था सीमांकन रिपोर्ट सार्वजनिक होनी चाहिए : आकाश तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर के अमलीडीह क्षेत्र में वार्ड क्रमांक- 50 एवं 51 के सीमा क्षेत्र पर बेशकीमती शासकीय भूमि और रामराजा नाला पर कब्जा करने के मामले में राजस्व विभाग की टीम द्वारा गुरुवार को की गई कार्रवाई पर नगर निगम रायपुर के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कई सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई को खानापूर्ति बताते हुए कहा कि कब्जा करने वाले भूमाफिया का नाम तथा सीमांकन रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इस मामले में भूमाफिया के विरुद्ध नगर निगम और जिला प्रशासन कड़ी कार्रवाई नहीं करता है, तो इसके विरोध में सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय स्थित अपने कक्ष में इस मामले में प्रेसवार्ता लेते हुए मीडिया को जानकारी दी कि उन्होंने 30 दिसंबर



2025 को राजा राम नाला जो कि वीआईपी रोड स्थित है, यह नाला अमलीडीह से होकर व्हीआईपी रोड के पास से गुजरता है। यहां करीब एक एकड़ शासकीय भूमि तथा उससे लगे शासकीय नाले में भूमाफिया ने बेजा कब्जा कर रखा था। इसकी जानकारी उन्होंने निगम आयुक्त विश्वदीप को दी थी। इसके बाद आयुक्त ने एसडीएम रायपुर को पत्र लिखा था, जिसमें इस मामले में भूमि का सीमांकन कर कार्रवाई करने के लिए कहा था। इसके तहत एसडीएम रायपुर ने इस भूमि और नाले की जमीन का सीमांकन भी कराया, जिसमें यह भूमि शासकीय पाई गई है, लेकिन एक माह के बाद भी सीमांकन रिपोर्ट को एसडीएम रायपुर ने सार्वजनिक नहीं किया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 2 फरवरी को निगम आयुक्त को पत्र लिखकर उन्होंने सीमांकन रिपोर्ट की कॉपी मांगी है, जो अब तक उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस बीच पता चला कि राजस्व विभाग की टीम ने 5 फरवरी को शासकीय भूमि-नाला में किए गए कब्जा को तोड़ने की कार्रवाई की है, लेकिन यह कार्रवाई भी खानापूर्ति की गई है। कार्रवाई में सिर्फ बाउंड्रीवाल को ढहाया गया है, जबकि नाले की दिशा आज भी वही है।

### प्रशासन की आंख के सामने करोड़ों की शासकीय भूमि पर कब्जा का बड़ा खेल

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया है कि शहर के मध्य पॉश इलाके में प्रशासन की आंख के सामने करोड़ों रुपए कीमत की शासकीय भूमि पर कब्जा करने का बड़ा खेल चल रहा था। इसके बाद भी प्रशासन ना ही भूमाफिया का नाम उजागर कर रहा है और न ही सीमांकन रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जा रहा है। इस तरह कहीं न कहीं भूमाफिया को बचाने का प्रयास हो रहा है, जबकि इस मामले में उसके विरुद्ध एफआईआर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासकीय भूमि एवं नाले के पास स्थित भूमि को चिन्हित कर ईंटा का घेरा करवाकर इसे अलग करवाना चाहिए। नेताप्रतिपक्ष ने चेतावनी दी है कि भूमाफिया के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो वे सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेंगे।

# बिजली उपभोक्ताओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने रजत महोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा, राज्य के विकास की दशा और दिशा बदलने में विद्युत ऊर्जा ने बड़ी भूमिका निभाई है।

विद्युत आज प्रदेश की पहचान से जुड़ा विषय है। कार्यक्रम के अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा, प्रदेश का हर कोना और हर घर रोशन है तो इसमें सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की बड़ी भूमिका है। गुढ़ियारी स्थित विद्युत मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने पॉवर कंपनी के विभिन्न योजनाओं के सजग उपभोक्ताओं को सम्मानित भी किया।

इस दौरान विधायक धरसींवा अनुज शर्मा , बिरगांव महापौर नंदलाल देवांगन, पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर, पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला, निदेशक ( सीआरए) आर ए पाठक प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### सड्डू में अवैध प्लाटिंग क्षेत्र में लगा बोर्ड

**रायपुर।** जोन 9 नगर निवेश विभाग ने शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 8 क्षेत्र अंतर्गत सड्डू इलाके में अवैध प्लाटिंग स्थल पर जनहित में सूचना बोर्ड लगाने की कार्यवाही की गई है। बोर्ड में लोगों से अपील की है कि यह अवैध प्लाटिंग का भाग है और यहां तथा आसपास भवन निर्माण अनुज्ञा की स्वीकृति नगर निगम ने नहीं दी है, इसलिए किसी भी प्रकार की प्लाट की खरीदी-बिक्री नहीं करें। ऐसा करने वालों के विरुद्ध निगम अधिनियम 1956 के अंतर्गत धारा 292(ग) के प्रावधान के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### महापौर-आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की ली बैठक




**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे एवं आयुक्त विश्वदीप ने शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में बैठक ली। इसमें उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 की प्रभावी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने नवीन संकेतकों एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर आधारित सह प्रशिक्षण बैठक में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में महापौर मीनल चौबे एवं आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर निगम का समस्त मैदानी अमला शहर के सभी जोनों में स्वच्छता स्तर, दर्शनीय स्वच्छता तथा जनभागीदारी को प्राथमिकता देते हुए कार्य करे। विशेष रूप से लक्षित स्कूलों में स्वच्छता गतिविधियाँ संचालित करने एवं प्रत्येक वार्ड में वार्ड स्तरीय स्वच्छता चैम्पियन तैयार करें तथा लोगों को स्वच्छ आदतों के लिए प्रेरित करें।

### निगम ने की 5 दुकानें सीलबंद



**रायपुर।** नगर निगम जोन 6 के राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार को बकायेदार 5 दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनकी दुकानों को सीलबंद किया है। इसमें वार्ड 58 क्षेत्र की 3 तथा वार्ड नंबर 60 एवं 62 में 1-1 दुकान को सीलबंद किया है। इन सभी दुकानदारों ने पिछले कई साल से बकाया राशि जमा नहीं किया है।

### जलाशय योजना के लिए 17.89 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा कोरबा जिले के अंतर्गत दो सिंचाई योजनाओं के कार्यों के लिए 17 करोड़ 89 लाख 6 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्यों में विकासखण्ड कटघोरा अंतर्गत खोलार नाला स्टापडेम नं. 2 के कार्य हेतु 6 करोड़ 83 लाख 83 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना से निस्तारी, भू-जल संवर्धन एवं किसानों द्वारा स्वयं के साधन से 25 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई होगी एवं औद्योगिक तथा औद्योगिक प्रयोजन हेतु जल प्रदाय किया जाएगा।

# हथकरघा विपणन संघ हर साल करता है 200 करोड़ से अधिक का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित प्रदेश में हर साल 200 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार करता है। इसके लिए संघ के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए गणवेश से लेकर सरकारी स्वास्थ्य विभाग, गृह विभाग सहित अन्य कई विभागों से संबंधित कार्यालयों के लिए टॉवेल, नैपकीन आदि वस्त्रों के साथ सरकारी अस्पतालों एवं रायपुर सेंट्रल जेल के लिए चादर, कंबल, मछरदानी, कॉटन आदि तैयार किया जाता है। सभी प्रकार की सामग्री को बुनकरों के माध्यम से तैयार कराया जाता है, जिसकी सप्लाई संबंधित विभागों की डिमांड के अनुसार कराई जाती है। इधर संघ के अधिकारियों का कहना है कि तैयार वस्त्रों के अलावा कच्चा माल यानी धागा भी बेचने का काम संघ करता है। धागा की सबसे ज्यादा डिमांड रायपुर सेंट्रल जेल प्रशासन से आती है। इन धागों को पिरोकर वस्त्र बनाने का काम जेल में बंद कैदियों से कराया जाता है। हथकरघा विकास विपणन सहकारी संघ के सचिव एमएम जोशी ने बताया कि बुनकरों के माध्यम से तैयार किए जा रहे वस्त्रों की डिमांड लगातार बढ़ रही है, जिससे कारोबार में भी हर साल इजाफा हो रहा है। उन्होंने बताया कि संघ द्वारा गणवेश से लेकर अन्य जो भी वस्त्र तैयार कराए जा रहे हैं, उसकी क्वालिटी बहुत अच्छी है, वहीं बाजार में इस क्वालिटी के जो वस्त्र बिक रहे हैं, उसकी कीमत की तुलना में संघ के वस्त्रों की कम है। इस कारण से संघ के कपड़ों की डिमांड भी लगातार बढ़ रही है।

## प्रदेशभर की 329 बुनकर समितियां करती हैं इन्हें तैयार

### शिक्षा विभाग से हर साल 179 करोड़ से अधिक का कारोबार

संघ सबसे ज्यादा कारोबार शिक्षा विभाग के माध्यम से करता है। शिक्षा विभाग से कक्षा पहली से आठवीं तक सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के गणवेश तैयार करने का आर्डर संघ को मिलता है। नए वित्तीय वर्ष के लिए भी 60 लाख सेट गणवेश तैयार करने का आर्डर मिला है। इस तरह प्रति सेट 299 रुपए की दर से कुल 179 करोड़ 40 लाख रुपए का आर्डर मिला है। इस आर्डर की आपूर्ति भी आगामी दो महीने में कर दी जाएगी।



### वस्त्रों की डिमांड लगातार बढ़ रही

बुनकरों के माध्यम से तैयार किए जाते वस्त्र सहित अन्य सामग्री हैं। बाजार में बिकने वाले वस्त्रों की तुलना में इनकी क्वालिटी के अनुसार कीमत बहुत कम है। वस्त्रों की डिमांड लगातार बढ़ रही है, जिससे अब अन्य विभागों से भी आर्डर मिलने लगे हैं।

- एमएम जोशी, सचिव, राज्य हथकरघा विकास एवं विपरण सहकारी संघ मर्यादित रायपुर

### केंद्रीय जेल रायपुर में 38 लाख के धागे की सप्लाई

संघ के बने चादर और कंबल के अलावा केंद्रीय जेल रायपुर प्रशासन को धागा की सप्लाई भी संघ करता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 42 लाख रुपए कीमत का धागा 10 एस काटन हैंक यार्न, 2-20 एस कॉटन हैंक यार्न एवं 3-6 एस कॉटन हैंक यार्न की सप्लाई की जानी है। इसके एवज में अब तक संघ ने 38 लाख रुपए धागा की सप्लाई कर दी है। इस तरह जेल प्रशासन से भी संघ को अच्छा कारोबार होता है।

## पुलिस गिरफ्त में आया शातिर देश के अलग-अलग राज्यों में घूम-घूम कर करता है चोरी

# चोरी के पैसे को शातिर ने अय्याशी में उड़ाया पकड़े जाने पर टार्चर से बचने कबूला अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौदहापारा तथा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में सिलसिलेवार दुकानों का ताला तोड़ कर आठ लाख रुपए से ज्यादा कैश तथा अन्य कीमती सामान चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आया शातिर देश के अलग-अलग राज्यों में करोड़ों रुपए के सोने-चांदी के जेवर तथा कैश चोरी करने के आरोप में जेल जा चुका है। पुलिस गिरफ्त में आए शातिर ने बिलासपुर जेल से छूटने के बाद रायपुर में चोरी की घटना की थी। चोरी के आरोप में पुलिस ने मूल रूप से कबीरधाम के रहने वाले लोकेश श्रीवास उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में गोलू ने रायपुर में एक दर्जन से ज्यादा चोरी की घटना करने का अपराध कबूल किया है। लोकेश को पुलिस ने घटना स्थल के आसपास मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार किया है।

### चोरी के पैसों से सैर सपाटा

दुकानों में सेंध लगाने के बाद लोकेश उन पैसों से नागपुर, मुंबई तथा दिल्ली की सैर करने निकल गया। वहां उसने चोरी के पैसों से खूब अय्याशी की। चोरी के पैसों से लोकेश नया मोबाइल खरीदने के साथ किसी दूसरे के नाम से सिम लेकर इस्तेमाल कर रहा था। लोकेश के मोबाइल नंबर की जानकारी जुटाकर पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर उसके रायपुर लौटने के बाद



### हंसते हुए पुलिस को चोरी की कहानी बताई

गिरफ्तारी के बाद लोकेश ने अपनी गिरफ्तारी का किसी तरह से कोई विरोध नहीं किया। थाना ले जाने के बाद पुलिस लोकेश से कुछ सवाल कर पाती, इसके पहले उसने जिन-जिन दुकानों में चोरी की थी, उसके बारे में पुलिस को सिलसिलेवार जानकारी दे दी। पुलिस के बगैर पूछताछ लोकेश द्वारा अपराध कबूल करने का कारण पुलिस के टार्चर से बचना है।

### दिल्ली में की थी 25 करोड़ की चोरी

पेशे से सेलून संचालक लोकेश श्रीवास ने वर्ष 2006 में पांडातराई से चोरी की शुरुआत की थी। लोकेश ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर 24 सितंबर 2023 को दिल्ली में उमराव सिंह ज्वेलर्स शोरूम में 25 करोड़ के गोल्ड तथा डायमंड की चोरी की थी। चोर चौथी मंजिल का ताला तोड़कर दुकान में घुसे, फिर स्ट्रॉन्ग रूम की दीवार काट कर 4 से 5 लाख कैश, ज्वेलरी पर हाथ साफ कर दिया था। चोरों ने चोरी करने दीवार में 1.5 फीट की सेंध लगाई थी। दिल्ली पुलिस ने लोकेश को छत्तीसगढ़ पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया था। ज्यादातर चोरी की घटना लोकेश अकेले ही अंजाम देता है। दिल्ली के साथ देश के कई अन्य राज्यों में लोकेश ने कई बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इनमें दक्षिण के राज्य भी शामिल हैं।

## एडीसी को पांच लाख देने की पेशकश

# एनएसयूआई का खाद्य एवं औषधि कार्यालय में अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नकली दवा के मामले में कारोबारी से साठगांठ के आरोपों से घिरे सहायक ड्रग कंट्रोलर संजय नेताम को पांच लाख रुपए नकद देने एनएसयूआई के कार्यकर्ता ब्रीफकेस लेकर पहुंचे। अफसर के नहीं मिलने पर उन्होंने तहसील कार्यालय में स्थित खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कार्यालय के समीप प्रदर्शन किया। छात्र नेताओं का आरोप है कि विभाग अफसर पर किसी तरह की कार्रवाई करने से बच रहा है।

सहायक नियंत्रक संजय नेताम कुछ दिनों पहले सारंगढ़ के उस व्यापारी के साथ राजधानी के कैफे में मीटिंग करने के मामले में चर्चा में आए थे जो नकली दवा के मामले में संदेही है। शिकायत के बाद भी अब तक उनके खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज एनएसयूआई ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष शांतनु झा ने बताया कि यह 5 लाख रुपये उनके कृषक पिता द्वारा अपने घर निर्माण के लिए वर्षों की मेहनत से जोड़कर रखी गई राशि थी। इसे वे स्वास्थ्य विभाग में फैले भ्रष्टाचार को रोकने और एडीसी संजय नेताम द्वारा पैसों की कथित कमी दूर करने के उद्देश्य से आम जनता के हित में देने आए थे, ताकि सरकार और प्रशासन की आंखें खुल सकें। कार्यालय में किसी के नहीं मिलने पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने अस्थायी तहसील के सामने काफी देर तक प्रदर्शन किया। शांतनु झा ने बताया कि इस गंभीर मामले को लेकर एनएसयूआई ने ईओडब्लू तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को औपचारिक शिकायत सौंपी थी। प्रदर्शन में प्रदेश महासचिव निखिल बघेल महामंत्री सूरज साहू जिला उपाध्यक्ष सय्यद नूर, उत्कर्ष, तारिक अनवर, डीकेंद्र सिन्हा, महासचिव संस्कार पांडे, अभिनव, ऐश्वर्य, गोपाल वर्मा, विमल साहू, संदीप बंजारे, अभिषेक, कपिल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## पहली बार 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 नई योजनाओं का हुआ था पंजीयन

# रियल एस्टेट में नए साल में योजनाओं की रफ्तार तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रियल एस्टेट में बीते साल मंदी का दौर रहा, जहां इस बार घर कम बिके हैं, वहीं नई योजनाएं भी बीते साल कम लांच हुईं। बीते साल 147 नई योजनाओं का ही रेरा में पंजीयन हुआ था, जबकि 2024 में 161 योजनाओं का पंजीयन हुआ था। 2023 में सबसे ज्यादा मंदी रही, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। अब नए साल 2026 में योजनाओं की रफ्तार तेज हो हो गई है। जनवरी के पहले माह में जहां 17 नई योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ है, वहीं फरवरी में तीन दिनों में दो नई योजनाएं पंजीकृत हुई हैं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है।

पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रियल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रियल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। साल भर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके। इसके बाद 2023 और 24 में कम योजनाओं के आने के कारण कम मकान बिके। यही हाल 2025 का भी रहा है। इस साल त्योहारी सीजन में बहुत कम कारोबार हुआ।




### बीते साल दिसंबर में सबसे कम योजनाओं

बीते साल की बात करें तो इस साल जनवरी और फरवरी में 11-11 योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ। इसके बाद मार्च में 14, अप्रैल में 21, मई में 13, जून में 9, जुलाई में 10, अगस्त में 8, सितंबर में 10, अक्टूबर में 11 और नवंबर में जहां सबसे 22 योजनाओं का पंजीयन हुआ, वहीं दिसंबर में सबसे कम महज 7 योजनाएं आई। कुल मिलाकर साल भर में 147 नई योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ है। दिसंबर में सबसे कम योजनाओं का एक बड़ा कारण जमीन का गाइड लाइनों में बड़ा बदलाव रहा। जमीन की कीमत जहां बहुत बढ़ा दी गई थी, वहीं जमीन खरीदी की प्रक्रिया कठिन हो गई थी। लेकिन अब इसमें संशोधन होने के कारण रियल एस्टेट के कारोबारी खुश हैं और नए

### 2022 में बना रिकॉर्ड

रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल 273 नई योजनाएं आईं। इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई साल भर में महज 137 योजनाओं आईं। 2024 में योजनाओं की रफ्तार में कुछ इजाफा हुआ और साल भर में 161 नई योजनाएं आईं। फिर से 2025 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई। अब नए साल 2026 में ज्यादा योजनाएं आने की संभावना है।

## बीकॉम अंतिम वर्ष का मामला, निर्धारित ग्रुप से पृथक किए गए विषय

# रविवि ने परीक्षा से पहले बदल दिया पैटर्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवि द्वारा वार्षिक परीक्षाओं से पहले पैटर्न बदले जाने से छात्र परेशान हो गए हैं। मामला बीकॉम तृतीय वर्ष का है। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय ने आगामी वार्षिक परीक्षा में विषयों को उनके निर्धारित 'ग्रुप' से अलग कर दिया है। इस बदलाव से छात्रों के सामने कई तरह की समस्याएं खड़ी हो गई हैं। विषयों के ग्रुप के अलग होने से परीक्षा का शेड्यूल कठिन हो जाएगा, जिससे छात्रों पर मानसिक दबाव बढ़ेगा। छात्र लंबे समय से ग्रुपिंग के आधार पर तैयारी कर रहे थे। अब विषयों के बीच अंतराल कम होने से परीक्षा परिणाम प्रभावित होने का डर है। अचानक हुए इस बदलाव से छात्र भ्रमित हैं। उनका कहना है कि उन्हें पूर्व में इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं दी गई थी। वार्षिक परीक्षाओं से कुछ दिन पूर्व हुआ यह बदलाव उनके परीक्षा परिणामों पर प्रतिकूल असर डालेगा।

### पुराने छात्रों पर एनईपी नहीं

विषयों की जो ग्रुपिंग अर्थात समायोजन किया गया है, वो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार किया गया है। लेकिन पुराने छात्रों पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू नहीं है। छात्रों द्वारा किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेते समय जो नियम लागू होते हैं, वे ही नियम उनके अध्ययन पूर्ण होने तक रहते हैं। रविवि ने बीकॉम अंतिम वर्ष वार्षिक परीक्षा में यह बदलाव किया है। अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्रों ने जब प्रवेश लिया था, उस समय राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू नहीं थी। विद्यार्थियों का आरोप है कि नियमविरुद्ध ये बदलाव उन पर थोपे गए हैं। रविवि द्वारा किए गए इस बदलाव के विरोध में एनएसयूआई जिला सचिव ओज प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व ने विवि प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। अमन कुमार सिंह, सुमित शुक्ल, प्रवीण सिंधु, पुष्पेंद्र जायसवाल सहित अन्य छात्र इसमें शामिल रहे।




# हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, दो दिन में 76 बदमाश दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में पुलिस बदमाश, चाकूबाजों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में रायपुर पश्चिम जोन में डीसीपी संदीप पटेल के निर्देश पर पुलिस ने 76 बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। जिन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उनमें 15 बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा तथा तीन के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने गुरुवार-शुक्रवारी दरमियानी रात आजाद चौक, सरस्वती नगर, कबीर नगर, आमानाका, पुरानी बस्ती, डीडी नगर, टिकरापारा, राजेंद्र नगर और मुजगहन थाना क्षेत्र में चाकूबाजों के खिलाफ अभियान चलाकर उनकी धरपकड़ की है। बदमाशों को उनके छिपने के अड्डों के साथ घर में दबिश देकर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ उनके रिकार्ड नए सिरे से अपडेट कर बदमाशों को अपराध से दूर रहने की चेतावनी दी है। साथ ही अपराध में संलिप्त पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

### कार्रवाई की स्थिति

| | |
|---|---|
| टिकरापारा | 29 |
| कबीर नगर | 07 |
| राजेंद्रनगर | 04 |
| डीडीनगर | 06 |
| आमानाका | 19 |
| आजाद चौक | 08 |
| पुरानी बस्ती | 12 |
| सरस्वती नगर | 13 |



पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी

